जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 130, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 06 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट







वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे पर बोले पीएम मोदी- क्लाइमेट चेंज में भारत की भूमिका न के बराबर, पश्चिमी देशों में सबसे ज्यादा कार्बन एमिशनः मोदी

# 'बड़े देशों ने पर्यावरण को ज्यादा नुकसान पहुंचाया'

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास कर रहा है। जबकि क्लाइमेट चेंज में भारत की भूमिका न के बराबर है। विश्व के बड़े देश न केवल नेचुरल रिसोर्सेस को बर्बाद कर रहे हैं बल्कि सबसे ज्यादा कार्बन एमिशन भी इन्हीं देशों में होता है। पीएम मोदी ने वर्ल्ड एनवायर्नमेंट डे के मौके पर आयोजित सेव सॉइल अभियान के कार्यक्रम में ये बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा- स्वच्छ भारत मिशन हो या वेस्ट टू वेल्थ से जुड़े कार्यक्रम हों, अमृत मिशन के तहत शहरों में आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का निर्माण हो, या सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति का अभियान या नमामि गंगे के तहत गंगा स्वच्छता का अभियान, पर्यावरण रक्षा के भारत के प्रयास बहुआयामी रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हम कैच द रेन जैसे अभियानों के माध्यम से जल संरक्षण से देश के जन-जन को जोड़ रहे हैं।




**पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रहीं भारतीय योजनाएंः पीएम ने कहा कि** मुझे संतोष है कि देश में पिछले 8 साल से जो योजनाएं चल रही है, सभी में किसी न किसी रूप से पर्यावरण संरक्षण का आग्रह है। भारत ये प्रयास तब कर रहा है जब क्लाइमेट चेंज में भारत की भूमिका न के बराबर है। विश्व के बड़े आधुनिक देश न केवल धरती के ज्यादा से ज्यादा संसाधनों का दोहन कर रहे हैं बल्कि सबसे ज्यादा कार्बन एमिशन उन्ही के खाते में जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत ने इंटरनेशनल सोलर अलायंस के निर्माण का नेतृत्व किया है। पिछले साल भारत ने ये भी संकल्प लिया है कि भारत 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करेगा।

**22 करोड़ से ज्यादा सॉइल हेल्थ कार्ड किसानों को दिए गएः** पीएम मोदी ने कहा- पहले हमारे देश के किसान के पास इस जानकारी नहीं थी कि उसकी मिट्टी किस प्रकार की है, उसकी मिट्टी में कौन सी कमी है, कितनी कमी है। इस समस्या को दूर करने के लिए देश में किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड देने का बहुत बड़ा अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में सरकार ने तय किया है कि गंगा के किनारे बसे गांवों में नैचुरल फार्मिंग को प्रोत्साहित करेंगे, नैचुरल फॉर्मिंग का एक विशाल कॉरिडोर बनाएंगे। इससे हमारे खेत तो केमिकल फ्री होंगे ही, नमामि गंगे अभियान को भी नया बल मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 40 प्रतिशत गैर-जीवाश्म-ईंधन आधारित स्त्रोत से हासिल करने का लक्ष्य तय किया था।

## पर्यावरण रक्षा के भारत के प्रयास बहुआयामीः मोदी

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कहा कि भारत ने आज पेट्रोल में 10 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया है। आपको यह जानकर भी गर्व होगा कि भारत ने इस लक्ष्य को तय समय से 5 महीने पहले ही हासिल कर लिया है। प्रधानमंत्री मोदी विज्ञान भवन में मिट्टी बचाओ आंदोलन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि पर्यावरण रक्षा के भारत के प्रयास बहुआयामी रहे हैं। भारत ये प्रयास तब कर रहा है जब जलवायु परिवर्तन में भारत की भूमिका न के बराबर है। विश्व के बड़े आधुनिक देश न केवल धरती के ज्यादा से ज्यादा संसाधनों का दोहन कर रहे हैं बल्कि सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन उन्हीं के खाते में जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में सभी सरकारी योजनाएं किसी न किसी रूप में पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार मिट्टी को बचाने के लिए पांच प्रमुख बातों पर फोकस कर रही है। पहला, मिट्टी को केमिकल फ्री कैसे बनाया जाए। दूसरा, मिट्टी में मौजूद जीवों को कैसे बचाएं। तीसरा, मिट्टी की नमी को कैसे बनाए रखा जाए। चौथा, भूजल कम होने की वजह से मिट्टी को जो नुकसान हो रहा है, उसे कैसे दूर किया जाए।

# हिजबुल कमांडर तालिब गिरफ्तार

**जम्मू-कश्मीरः** जम्मू-कश्मीर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने हिजबुल मुजाहिदीन के कमांडर तालिब हुसैन को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। 17 राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस को जॉइंट ऑपरेशन में यह सफलता मिली। हिजबुल मुजाहिदीन ने किश्तवाड़ इलाके में नए सिरे से भर्ती करके अपने कैडर को फिर से संगठित करना और मजबूत करना शुरू कर दिया था।

**बेंगलुरु में पहचान छिपाकर रहता थाः डीजीपी दिलबागः** डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि तालिब किश्तवाड़ में काफी समय से एक्टिव था। वह आजकल बेंगलुरु में छिपा था। हमारी टीमें वहां गईं और इसे पकड़कर लाईं। इसका पकड़ा जाना बड़ी कामयाबी इसलिए है क्योंकि राजौरी-पुंछ में यह आतंकी दोबारा सक्रिय होने लगा था। तालिब के अरेस्ट होने के बाद वहां अमन रहेगा। पिछले दिनों हुई टारगेट किलिंग की घटनाओं पर दिलबाग सिंह ने कहा- माहौल शांत हो रहा है, टारगेट किलिंग के पीछे जो लोग हैं। उनकी पहचान हो चुकी है, उन पर कार्रवाई होनी है।



## कानपुर हिंसाः बवाल और हिंसा के साक्ष्य मिटाने की कोशिश

**कानपुरः** कानपुर में तीन जून को जुमे की नमाज के बाद परेड, नई सड़क और यतीमखाना समेत कई इलाकों में हुई हिंसा को लेकर पुलिस अब तक 24 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसमें हिंसा का मास्टरमाइंड और एमएमए जौहर फैन्स एसोसिएशन का अध्यक्ष हयात जफर हाशमी भी शामिल है। इस बीच रविवार को बवाल और हिंसा से जुड़ा नया खुलासा हुआ है। पुलिस कमिश्नर ने बताया है कि कानपुर बवाल और हिंसा मामले में डीवीआर से दस्तावेज मिटाने और छेड़खानी की कोशिश की गई है।

# केजरीवाल ने जंतर-मंतर से की कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा की मांग



**नई दिल्लीः दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को यहां जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने कहा कि वहां का प्रशासन पीड़ित कश्मीर पंडितों को अपनी आवाज भी नहीं उठाने दे रहा है। आम आदमी पार्टी ने जंतर-मंतर पर कश्मीरी पंडितों के साथ एकजुटता दिखाने और उनकी निशाना बनाकर की जा रही हत्याओं पर आक्रोश रैली आयोजित की। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कश्मीरी पंडितों को लेकर मांगे रखी। उन्होंने कहा कि कश्मीर में हो रही हत्याओं को रोकने की कोई ठोस कार्यनीति बने। कश्मीरी पंडितों को घाटी में ही नौकरी करने से जुड़ा बांड रद्द हो। कश्मीरी पंडितों की मांगें पूरी की जायें और उन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 1990 में कश्मीरी पंडितों का घाटी से पलायन हुआ था। उस समय सारा देश उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित था। आज भी वैसा ही समय है।

आज भी देश उनके हालात को लेकर चिंतित है। कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा के मुद्दे पर केजरीवाल ने कहा कि जब भी कोई घटना होती है तो उस पर गृह मंत्री उच्च स्तरीय बैठक बुलाते हैं। अब बहुत बैठकें हो गई हैं। अब लोग कार्रवाई चाहते हैं। केजरीवाल ने पाकिस्तान पर भी निशाना साधा और कहा कि इस तरह के हथकंडे न अपनाएं।

# ओडिशा में नई कैबिनेट ने ली शपथ



**भुवनेश्वरः** ओडिशा में विधानसभा चुनाव से 21 महीने पहले मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आधी कैबिनेट बदल दी है। भुवनेश्वर के राजभवन में शपथ ग्रहण के दौरान 21 मंत्रियों ने शपथ ली, जिसमें 10 नए चेहरे थे। पिछले कैबिनेट में राज्यमंत्री रहे जगन्नाथ सरकार को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। ओडिशा में मार्च 2024 में विधानसभा का चुनाव होना है।

**कैबिनेट में महिला चेहरे को तरजीहः** नवीन पटनायक ने नई कैबिनेट में महिला चेहरे को जगह दी है। पिछली कैबिनेट में सिर्फ 3 महिला मंत्री को जगह दी गई थी, जबकि नई कैबिनेट में महिला कोटे से 5 मंत्रियों को जगह मिली है। कैबिनेट विस्तार के बाद विभागों का बंटवारा होगा। 2019 में ओडिशा विधानसभा चुनाव के दौरान सबसे अधिक मार्जिन से जीतने वाली रीता साहु को भी मंत्री बनाया गया है।

**केसरी और जेना जैसे कद्दावर मंत्री हटेः** कैबिनेट विस्तार में पिछली सरकार में कद्दावर मंत्री रहे बिक्रम केसरी और प्रताप जेना को जगह नहीं मिली है।

प्रवक्ता नूपुर शर्मा 6 साल के लिए सस्पेंड, हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैंः बीजेपी

# पैगंबर पर टिप्पणी के बाद भाजपा का एक्शन



**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी ने पैगंबर मोहम्मद पर कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर पार्टी प्रवक्ता नूपुर शर्मा और मीडिया प्रभारी नवीन जिंदल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। भाजपा सूत्रों ने दोनों के निलंबन की पुष्टि की है। दूसरी ओर पार्टी की ओर से एक बयान जारी किया गया है जिसमें किसी धर्म के पूजनीयों पर अपमानजनक टिप्पणी को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया गया है। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत में हजारों वर्षों से सर्वपंथ समभाव रहा है और भारतीय जनता पार्टी किसी धर्म के पूजनीय का अपमान स्वीकार नहीं करती। पार्टी किसी धर्म-संप्रदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे ऐसे किसी विचार को ना स्वीकार करती और ना ही प्रोत्साहित करती है। बयान में आगे कहा गया है कि देश का संविधान प्रत्येक नागरिक से सभी धर्मों के सम्मान की अपेक्षा करता है। आजादी के अमृत काल में हम सभी को देश की एकता, अखंडता और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एक टीवी चैनल की चर्चा में भाजपा प्रवक्ता ने कथित तौर पर पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इसी को पार्टी के मीडिया प्रभारी नवीन जिंदल ने ट्वीट कर दोहराया था।

**दिल्ली पुलिस से की थी रेप की धमकी मिलने की शिकायतः** पैगंबर साहब पर बयान के बाद नूपुर शर्मा को सोशल मीडिया पर रेप और हत्या की धमकी मिली थी, जिसकी शिकायत उन्होंने दिल्ली पुलिस से भी की थी।

# टारगेट किलिंग रोकने और आतंकी तंत्र को तबाह करने पर काम शुरू

**श्रीनगरः** कश्मीर में टारगेट किलिंग की घटनाओं को रोकने और शांति, सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल बनाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की रणनीति पर प्रदेश में तेजी से काम शुरू हो गया है। थाना और चौकी स्तर पर मानव बल की कमी को दूर करते हुए त्वरित कार्रवाई दस्ते तैनात किए जा रहे हैं। आतंकरोधी अभियानों में बीएसएफ और एसएसबी की भूमिका को भी बढ़ाया जा रहा है। वहीं, 30 जून से शुरू हो रही श्री अमरनाथ यात्रा के सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की प्रक्रिया 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी। इसी के साथ 4500 कश्मीरी हिंदू व अन्य



अल्पसंख्यक कर्मियों को कश्मीर के भीतरी इलाकों से जिला मुख्यालयों व तहसील मुख्यालयों में तैनात कर दिया गया है। करीब 600 कश्मीरी हिंदुओं को उनके द्वारा सुझाए गए स्थान पर नियुक्त किया गया है, इनमें 130 दंपती हैं। इसके अलावा देशभर से कश्मीर में काम करने गए अल्पसंख्यकों की बस्तियों के आसपास भी सुरक्षाबलों की गश्त बढ़ाई जा रही है।

**जिला मुख्यालय या म्युनिसिपल टाउन के तीन किलोमीटर के दायरे में ही होगी नियुक्तिः** घाटी में विस्थापित कश्मीर हिंदू और जम्मू संभाग के हिंदू कर्मचारियों को जिला मुख्यालय, म्युनिसिपल टाउन या म्युनिसिपल टाउन के तीन किलोमीटर के दायरे में ही नियुक्त किया जाएगा। ताजा स्थिति की समीक्षा के बाद कश्मीर के मंडलायुक्त पांडुरंग के पोले ने कहा कि कर्मचारियों से संपर्क कर उनसे पूछें कि वह कहां नियुक्ति चाहते हैं।

# चारधाम यात्राः एक महीने में पहुंचे 14 लाख श्रद्धालु




**देहरादूनः** चारधाम यात्रा में इस बार श्रद्धालुओं के पिछले सभी रिकॉर्ड टूटने जा रहे हैं। एक महीने में ही 14 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। 7 महीने चलने वाली इस यात्रा में 34 लाख श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड है, जो 2019 में बना था। उसके बाद कोरोना की वजह से दो साल तक सिर्फ सांकेतिक यात्रा हुई थी। यात्रा अक्टूबर तक चलती है। पहली बार केदारनाथ धाम के रास्ते में पैदल चलने वाले यात्रियों का भी जाम लग रहा है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा के रजिस्ट्रेशन के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। वहीं, कई लोगों को धामों पर ठहरने के लिए होटल या होमस्टे में बुकिंग नहीं मिल रही है। प्रशासन पहले ही स्पष्ट कर चुका है ।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से पुरस्कृत पूर्व प्रधानाध्यापक पारसनाथ मिश्र का निधन

**जंघई।** पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एसोसिएशन बो.टे. एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर संघ लघु सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश हौंसिला प्रसाद मिश्र एवं मूलचंद्र मिश्र के पिता जी पारसनाथ मिश्र खखैचा गांव निवासी एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जूनियर हाईस्कूल का आकस्मिक निधन दो जून को हो गया। बहुत ही सीधे सरल एवं सम्मानित पारसनाथ मिश्र को शिक्षा जगत में उत्कृष्ट कार्यों हेतु राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया था। केशव प्रसाद मिश्र, ब्रह्मदास, सुरेशचंद्र, रमेश, दिनेश, रविन्द्र, धर्मेंद्र, जयनारायण, राजनारायण, सूर्यमणि, श्रीकांत, विजयकांत, मनीष, योगेश, केवला, विनोद, सतीश सहित तमाम लोगों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस : इफको ने निकाली जागरूकता रैली

### इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया व अधिकारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश






रन फॉर इनवायरमेंट में शामिल अंतःवासी व पौधरोपण करते इफको के अधिकारी

**फूलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रविवार को जन समुदाय में पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करने हेतु इफको के इकाई प्रमुख व कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया के नेतृत्व में जारूकता रैली ₹रन फॉर इनवायरमेंट₹ निकाली गई। जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में इफको के अधिकारी, कर्मचारी एवं बच्चे शामिल हुए। जो पर्यावरण संरक्षण जागरूकता सम्बन्धित पोस्टर, बैनर एवं नारे के साथ इफको कालोनी में लोगों को जागरूकता करने निकले। इस दौरान इफको कालोनी में इकाई प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गाया। इस दौरान संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः पी.के.सिंह,संजय वैश्य,संजय भंडारी, संतोष कुमार शुक्ला, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार व अन्य संयुक्त महाप्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संजोयन उमेश कुमार शुक्ला वरिष्ठ प्रबंधक ई.पी.सी ने किया। मौके पर इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा व महामंत्री स्वंय प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, कर्नल दिनेश सिंह, डी.के.शर्मा, मनोज तिवारी, शम्भू शेखर, अनिल कुमार यादव, पद्माकर त्रिपाठी, परमात्मा कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

### पर्यावरण दिवस : कौंधियारा थाना प्रभारी ने किया पौधरोपण



**करछना।** प्रयागराज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र कौंधियारा थाना परिसर में थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा पौधारोपण किया गया, तथा पर्यावरण को वातानुकूल बनााने के लिए लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की लोगों से अपील किया।

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प : शहर से लेकर गांव तक रोपे गए पौधे

### जिला अपराध निरोधक समिति के बैनर तले चला अभियान





**प्रयागराज।** जिस प्रकार जल ही जीवन है उसी प्रकार वृक्ष भी हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीणांचल में भी बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाया गया। आईजी, जिलाधिकारी और एसएसपी के निर्देश पर जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जगह-जगह पौधे रोपे और लोगों को जागरुक किया। जिला अपराध निरोधक समिति ने पुलिस अधीक्षक नगर दिनेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक आरएन विश्वकर्मा, डायट प्राचार्य आलोक तिवारी और सिटी मजिस्ट्रेट गौरव श्रीवास्तव को पौधा भेंट किया। समिति के सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत मिश्र, विपिन कुमार, अशोक सिंह के साथ क्षेत्रीय टीमों के द्वारा पौधारोपण एवं वृक्ष दान किया गया। लोगों को पर्यावरण का महत्व समझाते हुए इसके संरक्षण की अपील की गई। पूरे जनपद में चलाए गए अभियान में एसएम सिंह, अनिल कुमार पांडेय, सरदार हरविंदर सिंह मोहनलाल यादव, संदीप केसरी, मनीष विश्वकर्मा,शनि श्रीवास्तव, विजय केसरी, नेहा केसरी, रंजन केसरवानी,गणेश मोहन श्रीवास्तव, प्रदीप मनचंदा, विवेक मल्होत्रा, प्रतिभा चौरसिया, प्रेम मोहन कसेरा, सतीश कुमार केसरवानी के साथ तहसील, वार्ड, थाना कमेटी के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

## बिना सुरक्षा इंतेजामात के वृक्षारोपण कार्य निरर्थक!

### सरकार का धन पानी की तरह बहता है,पौधे खा लेते हैं मवेशी

### वृक्षारोपण के साथ साथ ब्रिडगार्ड के लिए भी धन दे सरकार : शहजादे

**रत्योंरा।** सरकार वृक्छा रोपण के लिए धन वर्षा हर साल करती है किंतु पौधों की सुरक्षा के लिए कोई बजट नहीं देती जिससे वृक्ष लगाने का कोई मतलब नहीं दिखता। दरअसल सरकार की मंशा अनुसार प्रत्येक वर्ष लगने वाले पौधे सिर्फ वन विभाग के अलावा अन्य किसी विभाग के वृक्ष रोपण निरर्थक साबित हो रहे हैं। क्योंकि वन विभाग पौधों की सुरक्षा हेतु ब्रिडगार्ड की व्यवस्था करता है जिससे पौधे नस्ट नहीं होते। ग्राम्य विकास पंचायतीराज विभाग द्वारा लगने वाले पौधे इस लिए कामयाब नहीं होते क्योंकि बिना सुरक्षा ब्रिडगार्ड के पौधारोपण किए जाते हैं। इस प्रकार हर साल लगने वाले पौधे सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाते हैं। ग्राम पंचायतों में लगने वाले वृक्ष तालाबों,मार्ग किनारे,सार्वजनिक भूखंडों कब्रिस्तान,मरघट,खलिहान आदि ग्राम समाज की जमीनों पर किया गया पौधारोपण बिना ब्रिडगोर्ड के लिए धन निर्गत बिना सफल नहीं होगा। अगर सरकार जितना वृक्ष हर साल लगवाए और उसके लिए भी धन दे तो पंचायतें जिम्मेदार भी हो सकती हैं। हर पांच साल बाद उक्त निर्मित ब्रिडगोर्डो को दूसरे पौधा रोपण में इस्तेमाल किया जा सकता है इससे ग्राम सभाओं में हरियालियां देखने को मिलेंगी। और सरकारी धन का व्यय भी सार्थक होगा।

**क्या बोले ग्राम प्रधान संगठन के लोग :** यदि सरकार पौधारोपण के लिए जितना गढ़े खुदवाने के लिए धन व्यय करती है प्रदान करती हैं पंचायतों को उतना पौधों की सुरक्षा हेतु ईट के ब्रिडगोर्ड,या तार जाली ढोले अथवा बाउंड्रवाल आदि के लिए भी धन दे तो निश्चय ही पौधा रोपण ग्राम पंचायतों,और वन पर्यावरण,मानव जीवन के लिए वरदान साबित होगा। हमने सरकार का ध्यान पत्राचार के माध्यम से उक्त समस्या समाधान की ओर आकृष्ट किया है।



**अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे**
**ग्राम प्रधान अल्हवा, मंत्री अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल**



वन विभाग में प्राकृतिक वृक्ष जो मौजूद हैं शायद उतना सुरक्षित कर दिया जाए, बाग बगीचों को कटने उजाड़ने से रोक दिया जाय, तो वन पर्यावरण के लिए लाभ दायक हो जाए। प्राकृतिक वन पर्वतीय इलाकों के वृक्ष हमेशा निरंतर अवैध कटान के चलते नेस्त नाबूद होते जा रहे हैं,और हर साल पौधा रोपण किया जाना धन का अपव्यय है। वनों को बचाए जाने की नितांत आवश्यकता प्रतीत हो रही है।

**सूर्य कांत त्रिपाठी एडवोकेट**
**सोशल एक्टिविस्ट**
**प्रयागराज**

# गांवों में हरिशंकरी पौधों का रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अखंड भारत संदेश**

## पीपल, पाकड़ व बरगद का हुआ संयुक्त पौधरोपण



ग्राम पंचायत वीरकाजी में पौधरोपण करती ग्राम पंचायत अधिकारी शशि यादव व ग्राम प्रधान कमला देवी



कोतवाली परिसर में पौधरोपण करते क्षेत्राधिकारी राम सागर व थानाध्यक्ष अमित कुमार राय

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के बाबूगंज, पूरेभुलई वीरकाजी, सांवडीह, गगौर सहित अन्य गांवों में रविवार को पीपल, बरगद व पाकड़.के सम्मिलित रोपण वाले हरिशंकरी पौधे लगाए गए। खण्ड विकास अधिकारी प्रवीणानंद के निर्देश पर रविवार को सुबह सभी गांवों में ग्राम प्रधान व सचिव ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ब्रह्म, विष्णु व महेश को प्रिय कहे जाने वाले इन पेड़ों की देखभाल ग्राम पंचायत के जिम्मे होगी। खण्ड विकास अधिकारी फूलपुर प्रवीणानंद ने बताया कि शासन के निर्देश पर प्रत्येक गांव में हरिशंकरी पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हरिशंकरी पौधों का वैज्ञानिक के साथ ही आध्यात्मिक महत्व भी है। ग्राम पंचायत अधिकारी धीरेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि पीपल, पाकड़, व बरगद के पेड़ से ग्रामीणों को अधिक छाया व शीतलता मिलेगी। ग्राम प्रधान कमला देवी ने कहा कि आस्था से जुड़े होने के चलते इन पौधों को संरक्षित करने में ग्राम पंचायतों को अधिक मेहनत नहीं करनी होगी। क्योंकि ग्रामीण आज भी पीपल व बरगद की लकड़ी काटने व जलाने से परहेज करते हैं। वहीं ग्राम रोजगार सेवक हरिओम प्रकाश ने गांव में अत्याधिक संख्या में पीपल,पाकड़ व बरगद का पौधरोपण करने की ग्रामीणों से अपील की। मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी शशि यादव, रामचन्द्र तुफानी,ग्राम प्रधान कमलेश यादव, यशवंत यादव,अजय गुप्ता, विजय चंद्र विश्वकर्मा, भाष्कर पटेल,जियाराम, शोभनाथ, राजकुमार, उदय राज यादव, अभय राज यादव, गोकुल यादव सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी : सीओ

**फूलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रविवार को फूलपुर कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी राम सागर व थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने संयुक्त रूप पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधरोपण करते हुए उन्होंने कहा की हमे अपनी आने वाली पीढ़ियों के उत्तम स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी भी है। मौके पर भाजपा नेता चंचल तिवारी, भोजपुरी गायक विकास मिश्रा के साथ ही पुलिस कर्मी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण हेतु आपस में लिया गया संकल्प




**करछना।** विश्व पर्यावरण दिवस रविवार को डायट प्रयागराज में डायट के प्राचार्य आलोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें निजी प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य लोग और डिग्री कालेज के प्राचार्य लोग शामिल रहे । बैठक में पर्यावरण संरक्षण पर आपस में विशेष बल दिया गया। तत्पश्चात पौधरोपण भी किया गया। और पर्यावरण संरक्षण का आपस में संकल्प भी लिया गया। साथ ही साथ पौधरोपण के सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया । संगोष्ठी में डायट के प्राचार्य आलोक कुमार तिवारी बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ला शंभू नाथ ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य गिरजा प्रसाद मिश्र बीबीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ रवि शंकर त्रिपाठी एव डीएलएड प्रशिक्षण केंद्रों के प्रतिनिधि लोग उपस्थित रहे।

### रिठैया में प्रधान नें वृक्ष लगा कर पर्यावरण का संदेस दिया



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत रठैया प्रधान प्रतिनिधि लाल बाबू पटेल एवं सहायक सचिव के नेतृत्व में विद्यालय परिसर के प्रांगण में वृक्षारोपण करते हुए विश्व पर्यावरण का गांव वासियों को संदेस दिया।

### प्राथमिक विद्यालय बबुरा में प्रधान नें किया वृक्षारोपण



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत बबुरा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम प्रधान निर्मल कुमार सिंह, सहायक पंचायत एवं डॉ धर्मेद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में विद्यालय परिषद में वृक्षारोपण करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों को संदेस दिया।

### पंचायत भवन हर्रई में प्रधान नें किया वृक्षारोपण




**करछना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पंचायत भवन पर वृक्षारोपण कार्य करते हुए पंचायत सहायक ग्राम रोजगार सेवक सफाई कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान श्री विजय श्री विजय शंकर तिवारी ने वृक्ष लगा कर पर्यावरण का संदेस दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर संरक्षण का संकल्प के साथ लगाए गए पौधे



पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए नीम का पेड़ लगातीं ग्रामीण महिलाएं।

**सहसों।** पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिक्षण संस्थानों एवं पंचायत भवन पर पौधरोपण कर उनके संरक्षण के लिए संकल्प लिया गया। विकासखंड सहसों के बगई कला गांव में ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह तथा ग्राम पंचायत अधिकारी आसमा सिंह के नेतृत्व में पंचायत भवन परिसर में आम , बरगद तथा पीपल के पौधे लगाकर उन्हें बड़े होने तक सुरक्षा का संकल्प लिया। पंचायत भवन परिसर में पौधे लगाने के पश्चात ट्री गार्ड बनवा कर उन्हें सुरक्षित किया गया। इसी तरह बगई खुर्द के ग्राम प्रधान विष्णु देव के नेतृत्व में पंचायत भवन परिसर में बरगद, पीपल त3ाथा नीम के पौधे लगाए गए। सहसों गोल चौराहे पर शिक्षक सत्येंद्र सिंह की अगुवाई में वरिष्ठ नागरिकों ने स्वच्छता अभियान चलाया तत्पश्चात पौध रोपण करते हुए उन्हें संरक्षित एवं क्षेत्र में अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए संकल्प लिया। इसी प्रकार क्षेत्र के भरद्वाज गुरुकुलम विद्यालय में प्रबंधक विनय उपाध्याय के नेतृत्व में शिक्षकों अभिभावकों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाएं। ईशा पब्लिक स्कूल बाबूगंज में प्रबंधक विजय पाल एवं प्रधानाचार्य नीलम पाल आदि ने पौध रोपण किया। जगदेवपुर बरेठी के ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र मिश्रा ने पंचायत भवन परिसर में नीम सहित अन्य पौधे लगाये तथा उनके विकसित होने तक उनके सुरक्षा के लिए संकल्प लिया।

## स्वच्छ पर्यावरण के साथ आस्था का केन्द्र हैं वृक्ष



पर्यावरण दिवस पर हम लोगों को योग सिखाते योगाचार्य डॉक्टर देवेन्द्र वर्मा।

**सहसों।** भारत भूमि पर भारतीय जनमानस में जीवन बचाने के लिए पौधे स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध वातावरण, शुद्ध वायुमंडल के साथ आज भी आस्था के केन्द्र हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्र के चिरौड़ा चौराहे पर रविवार को सुबह योगाचार्य डॉक्टर देवेन्द्र वर्मा द्वारा विभिन्न प्रकार के योग आसनों का अभ्यास कराया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात वरिष्ठ नागरिक मोहम्मद मुनव्वर अली ने कहा कि हिन्दुस्तान एकमात्र ऐसा देश है जहां पर जीवन बचाने के लिए पौधे आज भी आस्था का केंद्र हैं। विभिन्न प्रकार के देवी-देवताओं के रूप में पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी जाती है। उन्होंने कहा नीम , बरगद तथा पीपल जो हमारे पर्यावरण की दृष्टि से वायुमंडल की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा हमें शुद्ध प्राणवायु प्रदान करते हुए छाया तथा तापमान को भी कम करते हैं एवं पूजनीय भी हैं। हमारे पूर्वज स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से ईश्वरी रूप मानकर इन्हें आस्था का केन्द्र मानते रहे हैं। इसीलिए वही परंपरा आज भी कायम है। डाक्टर श्याम लाल यादव ने कहा हमारे आस पास बहुत सारी जमीने खाली पड़ी है। जिसमें हम विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पौधे तथा जल को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी वरिष्ठ जनों ने एक एक पौधे लगाकर उन्हें बड़े होने तक सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुभाष विश्वकर्मा, अशोक गुप्ता, पुरुषोत्तम, संत लाल यादव, लल्लन प्रजापति, श्याम सूरत प्रजापति, सुभाष पाल, शिवलाल पाल, सुरेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## करछना थाने के बगल दो घरों को चोरो ने बनाया निशाना

**करछना।** गांव में रात चोरो ने दो घरों को बनाया निशाना लाखों जेवरात सहित नगदी किया पार जानकारी के अनुसार करछना गांव निवासी संदीप सिंह पुत्र स्व रणवीर सिंह और विनोद द्विवेदी के घर में रात लगभग दो बजे के आस पास बिजली कट जाने के बाद कमरे में गर्मी के कारण कमरे में सो रहे लोग बरामदे में सोने चले गए जिसके बाद सुबह जब कमरे की तरफ गयें तो देखा कि कमरे की कुंडी कटी हुई थी जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई है करछना मुहल्ले में चोरी की घटना से लोग आश्चर्यचकित थाने से महज कुछ दुरी पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाली वारदात के बाद आसपास के लोगों में आक्रोश फैला हुआ है कुछ लोगो का कहना है कि नशेड़ी प्रकृत के लोग लगातार बढ़ रहे हैं जिसके चलते चोरी छीनैती रहजनी जैसी तमाम घटनाएं करछना तहसील मुख्यालय पर ही अधिक देखने को मिल रही है आऐ दिन कोई न कोई घटना सामने घटित हो रहा।

# वृक्ष धरा के आभूषण, सदैव करते दूर प्रदूषण : अभिषेक

**अखेंड भारत संदेश**



**जसरा।** वृक्षारोपण के साथ पेड़- पौधों की देखभाल करना भी बहुत आवश्यक हैं। विगत दो दशक से कृषि, सड़कों,भवन निर्माण के साथ ही उद्योग इत्यादि के नाम पर अंधाधुंध पेड़ों को काटा जा रहा हैं किन्तु उनके स्थान पर अपेक्षा के अनुरूप पौधे रोपे नहीं जा रहें हैं जों निकट भविष्य के लिए बहुत ही घातक साबित होने वाले हैं। वृक्षों से पर्यावरण सहित ग्लोबल वार्मिंग, बाढ़, सूखा इत्यादि प्राकृतिक आपदाओं से काफी हद तक निजात पाया जा सकता हैं इसके साथ ही पेड़ धरा के आभूषण के समान हैं जों अपने जीवन के अंतिम समय तक प्रकृति की रक्षा करते हैं।पर्यावरण से कार्बनडाई आक्साइड को ग्रहण करके प्राणवायु प्रदान करते हैं । उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जसरा क्षेत्र के मनकवार मे वृक्षारोपण के दौरान कही। इस अवसर पर प्राणवायु, फल, लकड़ी, दवा इत्यादि क्षेत्रों मे भी पेड़ों से जुड़ी अनेकों लाभप्रद अनुभव भी साझा किये।उक्त अवसर पर जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए उपस्थित लोगों से जल की एक एक बूंद को सहेजने के लिए शपथ भी दिलवायी गयी।इस अवसर पर रबड़, कदम्ब, आम, चितवन आदि के पौधे रोपें गये।

## पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प



**शंकरगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर रविवार को पूरे जनपद में जगह जगह पौधरोपण किया गया। इसके अलावा साफ-सफाई और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का भी अभियान चलाया गया। लोगों से पर्यावरण को संरक्षित करने की अपील की गई और पर्यावरण की अनदेखी करने से पढ़ने वाले दुष्प्रभाव के प्रति आगाह किया गया। इसी क्रम में यमुनापार में स्थित सीएचसी शंकरगढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ शैलेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। पेड़ -पौधों से ही हमें बहुमूल्य ऑक्सीजन मिलती है, इसलिए लोगों को पर्यावरण के संरक्षण की आवश्यकता को समझना होगा और इसके लिए आगे आना होगा।सीएचसी अधीक्षक की अगुवाई में पौधरोपण भी किया गया और आम जनमानस से भी अपने-अपने क्षेत्र में पौधरोपण कर उसके संरक्षण की अपील की गई। इस मौके पर नंदलाल के अलावा काउंसलर फार्मासिस्ट और किसान यूनियन के लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटकर सेना के जवान की मौत

**नैनी।** प्रयागराज नैनी रेलवे जंक्शन के लिंक स्टेशन के पास शनिवार रात ट्रेन से कटकर सेना के जवान की मौत हो गयी।जानकारी के अनुसार सेना में नायक सूबेदार शशि भूषण पांडेय पुत्र श्याम सुंदर पांडेय, आरा, जिला भोजपुर, बिहार का निवासी था।बीती देर रात साढ़े 12 बजे नैनी जंक्शन के लिंक स्टेशन के पास संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर जवान की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर सेना के अधिकारियों द्वारा शव को अपने कब्जे में लिया गया है।

### एक हफ्ते बाद भी नहीं हुई मुख्य अभियुक्त की गिरफ़्तारी

**लालापुर।** क्षेत्र के पूरेकिन्नर गांव में एक 15 मई रविवार की रात गोली मारकर सुरेश चंद्र द्विवेदी की हत्या कर दी गयी थी जिसमें आज तक मुख्य आरोपी की गिरफ़्तारी नहीं हो सकी।मृतक के परिजनों का आरोप है की मुख्य आरोपी बार बार मृतक के परिजनों को धमकी दे रहा है। धमकी से डरे परिजनों ने एसएसपी, डीएम व सीएम से मुख्य आरोपी को गिरफ़्तार करने की शिकायत किया है परिजनों का आरोप है की अगर तीन दिन के अंदर मुख्य अभियुक्त की गिरफ़्तारी नहीं हुई तो परिजन मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत करेंगे।

# हॉस्टल के बाथरूम में हिडन कैमरा लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हॉस्टल के बाथरुम में हिडन कैमरा लगाकर लड़कियों की न्यूड वीडियो बनाने वाला आरोपी आशीष खरे को पुलिस ने एक बार फिर गिरफ्तार कर लिया है। बाथरूम में हिडन कैमरा को इंस्टाल करने वाला फैय्याज भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया इसके बाद जेल भेज दिया।

**छात्रा की तहरीर पर दर्ज हुआ एक और मुकदमा :** कर्नलगंज थाना प्रभारी ने बताया कि गोरखपुर की रहने वाली एक छात्रा जो प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। उसने तहरीर दी कि हॉस्टल संचालक आशीष खरे ने उसे मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजा और गंदी-गंदी गालियां दी है। पुलिस ने छात्रा की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर उसे कचेहरी रोड के घर से वहीं कैमरा इंस्टाल करने वाले आरोपी फैय्याज खान पुत्र स्व. अजमेरी खान निवासी राजापुर को स्टेनली रोड महबूब अली मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी आशीष खरे

**जमानत पर रिहा होने पर शुरू हुआ था विरोध :** पिछले दिनों हिडन कैमरा लगाने और लड़कियों की न्यूड वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने आशीष खरे को एक जून को गिरफ्तार किया था, पर आरोपी आशीष को 2 जून को जमानत मिल गई थी। जमानत मिलने के बाद प्रयागराज पुलिस की कार्य शैली को प्रयागराज में पढ़ने वाली छात्राओं ने विरोध शुरू कर दिया था। छात्राओं की ओर से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को आरोपी को जमानत पर रिहा होने पर आपत्ति जताते हुए उसको जेल भेजने की मांग की जा रही थी।

**लड़कियों को नहाते हुए देखता था आशीष खरे :** आशीष खरे ने बाथरुम में स्पाई कैमरा लगाने के बाद सबसे पहले खुद को नहाते हुए रिकॉर्ड किया। इसके बाद यह देखा कि किस-किस एंगल से वीडियो शूट हो रहा है। इसके बाद उसका एंगल सेट किया। ताकि वह लड़कियों के नहाते हुए हर एंगल से वीडियो रिकॉर्ड हो सके। इसके लिए उसने एक कंप्यूटर लैब बना रखी थी। वहां बैठकर लड़कियों को नहाते हुए देखता था। वीडियो रिकॉर्ड और मिक्स करता था। पुलिस को जांच में कई लड़कियों के नहाते हुए क्लिप मिले हैं।

## 3 माह बाद शास्त्री पुल का होगा मरम्मती करण

### पुल के मरम्मती करण को लेकर 80 लाख का बजट हुआ पास

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज से वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़ और गोरखपुर का सफर आसान होगा। प्रयागराज से इन स्?थानों को जोड़ने वाले महत्?वपूर्ण शास्?त्री पुल पर आवागमन आरामदायक होगा। के लिए आवागमन होता है। गंगा नदी पर बने शास्?त्री पुल की रिपेयरिंग के लिए 80 लाख रुपये का बजट हो चुका है। बारिश के मौसम के बाद पुल की रिपेयरिंग पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तीन कराएगा। यानी तीन माह बाद मरम्?मत का कार्य होगा। आपको बताते चलें कि शास्त्री पुल की लंबाई 2200 मीटर है। यह अति व्यस्त पुल है। यह पुल पूर्वांचल के गोरखपुर, जौनपुर, आजमगढ़, वाराणसी आदि जिलों को प्रयागराज से जोड़ता है। गंगा पर बने शास्त्री पुल की रिपेयरिंग का काम तीन माह के लिए टाल दिया गया है। वहीं शहर में फाफामऊ पुल के बाद पीडब्ल्यूडी को शास्त्री पुल की रिपेयरिंग करनी थी। इसके लिए 80 लाख रुपये का बजट उपलब्ध हो चुका है। पुल पर नई सड़क बनाई जानी है। इसमें लगभग एक माह से अधिक का समय लगेगा।




इधर, 14 जून से मानसून आने के आसार हैं। बारिश से सड़क बनाने में दिक्कत आएगी, साथ ही आवागमन प्रभावित होगा। जिला प्रशासन से रूट डायवर्जन की अनुमति भी नहीं दी है। इसके चलते रिपेयरिंग का काम टाल दिया गया है। अब अक्टूबर अथवा नवंबर के बीच रिपेयरिंग कराई जाएगी।

**बारिश के बाद होगी पुल की रिपेयरिंग :** पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-तीन के अधिशासी अभियंता अजय गोयल का कहना है कि बारिश के पहले शास्त्री पुल की रिपेयरिंग होनी थी। इधर, बारिश का मौसम करीब है, इसी कारण रिपेयरिंग टाल दी गई है। अब बारिश खत्म होने के बाद रिपेयरिंग की जाएगी।

**शास्त्री पुल से गुजरती हैं तकरीबन 60 हजार छोटे-बड़े वाहन :** शास्त्री पुल से प्रतिदिन 60 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। इन दिनों पुल की सड़क जगह-जगह उखड़ चुकी है। ओवरलोड के कारण सड़क कई जगह काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में किसी भी समय हादसा होने की भी आशंका रहती है।

## 102 केंद्रों पर हुई यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

**प्रयागराज।** यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 जनपद के 102 केंद्रों पर हुई। प्रथम पाली में सामान्य अध्ययन का प्रश्नपत्र था। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 से 11:30 तक शांतिपूर्ण माहौल में हुई। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक होगी। जनपद में 43997 अभ्यर्थियों के लिए कुल 102 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम पाली के सामान्य अध्ययन की परीक्षा में कुल 100 प्रश्न थे, जिसमें से ज्यादातर सवाल भूगोल और पर्यावरण परिस्थितिकी से पूछे गए। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन पर भी सवाल आए थे। कोविड-19, केंद्र सरकार के आरोग्य सेतु एप और वैक्सीनेशन एप कोविन पर भी सवाल पूछे गए थे। प्रारंभिक परीक्षा में पूछे गए सवालों का पैटर्न बदला होने कीवजह से परीक्षार्थियों को उत्तर देने में काफी कठिनाई कासामना करना पड़ा। इसके अलावा प्रारंभिक के प्रश्नपत्र में विज्ञान, तकनीक, इकोनामिक्स, एग्रीकल्चर, हिस्ट्री से भी सवाल दागे गए थे।


घर की चौखट पर जली विक्षिप्त महिला

## विक्षिप्त महिला ने लगाई आग, मौत

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के पंडित पुर गांव में एक विक्षिप्त महिला ने आग लगाकर जान दे दी । जानकारी के अनुसार सैदाबाद ब्लॉक अंतर्गत पंडित पुर गांव में एक मानसिक तौर पर विक्षिप्त महिला उम्र लगभग 70 वर्ष रविवार की सुबह तकरीबन 6 बजे अपने घर में आग लगाकर आत्महत्या कर ली । आपको बताते चलें कि स्वर्गीय भागीरथी यादव की पुत्री मुगली का शादी विवाह नहीं हुआ था वह अपने भाई के साथ पंडित पुर गांव में रहकर अपना जीवन यापन कर रही थी लोगों का कहना था कि मुगली कुष्ठ रोग से काफी ग्रसित हो गई थी और आए दिन बिना बात के ही बड़बडाती रहती थी कुष्ठ रोग होने के कारण मृतक के हाथ की उंगलियां भी गल गई थी । जब प्रधान प्रतिनिधि अश्वनी त्रिपाठी से मृतक के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि एक महिला अपने भाई के साथ पंडित पुर ग्राम में ही बहुत दिनों से रह रही थी जिनके परिजन पास के ही गांव खुदी का पूरा में रहते हैं । उन्होंने यह भी बताया कि मृतक के भाई की 5 वर्ष पहले मौत हो जाने के कारण वह अकेली रह रही थी उस वक्त महिला अपने होशो हवास में रहती थी मगर जब से भाई की मौत हुई तब से वह विक्षिप्त हो गई थी प्रधान प्रतिनिधि घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस विभाग को सूचित किया जो मौके पर पुलिस पहुंची तथा पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही इस तरह की घटना से सभी ग्रामवासी दुखी हैं।

## लोक समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया जनसभा




अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** प्रयागराज विधान सभा मेजा क्षेत्र बधवा गाँव मेजारोड में लोक समाज पार्टी का एक जनसभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा ने कहा महंगाई ऐसी समस्या बन गई है कि आज आमजन ही नहीं मध्यम वर्ग भी परेशान है एक तरफ मोदी सरकार विकास का फर्जी डंका पीट रही है जबकि दूसरी तरफ आमजन महंगाई बेरोजगारी से परेशान है। वह ऐसी अर्थव्यवस्था मोदी सरकार ने ला दी है कि करीब-करीब देश की 75% जनता दो वक्त के खाना के लिए जूझ रहा है। यही मोदी सरकार 2014 के लोकसभा के चुनाव में जगह-जगह यह नारा लिखवाई थी कि बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार लेकिन 26 मई 2014 से भारत सरकार की बागडोर संभालने के बाद मोदी सरकार की प्राथमिकता आम जनता मध्यम वर्ग ना होकर सिर्फ कारपोरेट घराने हुए जिनके दिन दूना रात चौगुना आमदनी हो रही है,वहीं आम जनता बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहा है

लोक समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा ने भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि भारत सरकार आमजन के परिवार को के बच्चे से एक प्रकार वास्तविक शिक्षा छीनने की तैयारी की है वह नहीं चाहती है कि आमजन के बच्चे अच्छे ढंग से पढ़ाई करके अच्छे डॉक्टर, इंजीनियर,वकील और नौकरशाह बने। सही मायने में मोदी सरकार संघ के इशारे पर नाच रही है और जिसका परिणाम यह है कि देश में आमजन के बच्चों को वह सिर्फ कारीगर ही बनाना चाहते हैं। अगर कोई बच्चा किसी तरह से दसवीं 12वो कर भी लिया तो हायर एजुकेशन इतना महंगा है कि आमजन के बच्चो के बूते से पढ़ाई बाहर है । लोक समाज पार्टी का मानना है कि महंगाई को रोकने के लिए जस्टिस वी एम तारकुंडे की रिपोर्ट लागू होनी चाहिए तथा पूरे देश में एक समान शिक्षा नीति लागू करना चाहिए अगर नई शिक्षा नीति 2020 इतनी अच्छी है तो प्रश्न उठता है कि देश के नौकरशाह,राज्यों के गवर्नर, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज,विदेशों में राजदूत सहित प्रधानमंत्री कार्यालय में नीति बनाने वाले नौकरशाहों के साथ कारपोरेट घरानों के बच्चे नई शिक्षा नीति के अंतर्गत क्यों नहीं लाए जाते रहे है? उनके लिए अलग कन्वेंट स्कूल स्कूल की व्यवस्था क्यों की जा रही है जब पूरे देश में एक रेल,एक सुप्रीम कोर्ट एक निर्वाचन आयोग है तो पूरे देश में एक नई शिक्षा नीति भी सभी लोगों के लिए लागू होनी चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से सरिता विजय विश्वकर्मा पूर्वांचल उत्तर प्रदेश महासचिव, कमल नयन विश्वकर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, देवेंद्र कुमार शर्मा राष्ट्रीय सचिव, सत्य देव, अरविंद पांडेय, विनीत विश्वकर्मा, गीता देवी, सरस्वती देवी, सुशीला , सरस्वती देवी, चन्दन, आशा, मनोज कुमारी, इंद्रावती नीलम ,प्रभावती देवी, अवधेश विश्वकर्मा, सुनील, कमलेश और मुख्य रूप से ग्राम प्रधान उर्मिला देवी उपस्थित रही।

## मेजा ऊर्जा निगम में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

### .पर्यावरण संरक्षण के लिए निगम पूरी तरह है कटिबद्ध : अनिल कुमार, जागरूकता एव वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण हेतु दिलाई गई शपथ

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम में पर्यावरण दिवस के अवसर पर शनिवार को जागरूकता अभियान और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया जिसमे मेजा ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कर्मचारियों और सहयोगियों को फलदार वृक्ष बांटे गए और सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी के साथ की गई साथ ही एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया जिसके द्वारा प्रदूषण कम करनेए पर्यावरण को बचाने और वृक्ष लगाने का संदेश दिया गया। बताते चलें कि इस बार मेजा ऊर्जा निगम में ष्ओनली वन अर्थष विषय पर पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि पर्यावरण को बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है और यही एक ऐसा उपहार है जिसे हम अपनी अगली पीढ़ी को लेकर जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेजा ऊर्जा निगम पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। इस मौके पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण पीयूष कुमारए महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री पीके साबतए महाप्रबंधक यांत्रिक अनुरक्षण संजय शुक्लाए अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन अखिल पटनायक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे।



पर्यावरण दिवस पर लोगो को जागरूक करते निगम के अधिकारी व कर्मचारी

## गर्म हवाओं का झोका, हीट वेव का अलर्ट

### खाली पेट न निकले बाहर,45 डिग्री के पास इस हफ्ते रहेगा पारा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मौसम विभाग की ओर से आज भी हीट वेव का अलर्ट है। भीषण गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं दिख रही है। वहीं आज सुबह से ही गर्म हवाएं चल रही है। दिन में लू का प्रकोप जारी रहेगा। जहां तक तापमान की बात की जाए तो दिन का अधिकतम पारा 45 डिग्री सेल्सियस का पार जा सकता है। वहीं आद्रता 18 प्रतिशत रहेगी। इससे लोगों को उमस से राहत मिलने की उम्मीद है।

**44 के आस पास रहेगा तापमान**

मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। अगले तीन दिनों तक लू चलेगी। वहीं हीट वेव का भी अलर्ट जारी किया गया है। अगले चार दिनों की बात की जाए तो सोमवार से लेकर गुरुवार तक अधिकतम तापमान 44 पार रहने का दावा मौसम विभाग की ओर से किया जा रहा है। मौसम विज्ञानी एआर सिद्दीकी का कहना है कि प्रयागराजवासियों को अभी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। वहीं मानसून बारिश के लिए 15 जून तक इंतजार करना पड़ सकता है।




**हीट वेव का अलर्ट**

मौसम विज्ञानी एआर सिद्दीकी का कहना है कि हीट वेव तब होता है, जब किसी जगह का तापमान मैदानी इलाकों में 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में 37 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है। जब किसी जगह पर किसी खास दिन उस क्षेत्र के सामान्य तापमान से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान दर्ज किया जाता है, तो मौसम एजेंसी हीट वेव की घोषणा करती है। यदि तापमान सामान्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है, तो आईएमडी इसे 'गंभीर' हीट वेव घोषित करता है। आईएमडी हीट वेव घोषित करने के लिए एक अन्य मानदंड का भी उपयोग करता है, जो पूर्ण रूप से दर्ज तापमान पर आधारित होता है। यदि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है, तो विभाग हीट वेव घोषित करता है। जब यह 47 डिग्री को पार करता है, तो 'गंभीर' हीट वेव की घोषणा की जाती है।

## न्यूज झरोखा

### नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

**जंघई।** नेदुला गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसमें श्रद्धालु जमकर थिरके। इस मौके पर पूरा कथा परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथा के दौरान कथा व्यास रामानुजाचार्य हरिप्रप्पनाचार्य महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। इस अवसर पर यजमान बाबुलनाथ दुबे, सावित्रि देवी, भुवनेश्वर नाथ दुबे, पुष्पा देवी, अनुज महाराज, अंबुज महाराज, अभिषेक शुक्ला,देवेन्द्र नाथ दुबे, मीरा देवी पूर्व प्रधान, राजेंद्र प्रसाद दुबे, सोनू दुबे, सुरेश कुमार दुबे, अनिल कुमार दुबे, राजकुमार दुबे, बाबा मिश्रा, अभयराज मिश्र, रत्न मिश्रा, एडवोकेट कुशलेश दुबे, राहुल दुबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### आर्या फाउंडेशन ट्रस्टी ने महिलाओं को किया जागरूक



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र बधवा गांव में आर्या फाउंडेशन ट्रस्टी के माध्यम से महिलाओं को जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। संस्था के संचालक सरिता विश्वकर्मा ने कहा कि हमारी संस्था महिलाओ को रोजगार ,शिक्षा, स्वास्थ पर काम कर रही हैं, ताकि महिलाओ आत्म निर्भर बन सके और महिलाओं से ही सभ्य समाज का निर्माण होता हैं। लोक समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी शंकर विश्वकर्मा ने कहा कि सभी महिलाओं को समान हक एवं सम्मान बिना शिक्षा के हासील नही हो सकता है। कल की नारी तभी सशक्त होगी जब वह शिक्षा और स्वस्थ होगी। विश्वकर्मा सभा जिलाध्यक्ष रामनिरंजन विश्वकर्मा समाजवादी पार्टी उपाध्यक्ष प्रयागराज ने कहा कि बालिकाओं को भेदभाव मिटाकर प्रत्येक क्षेत्र में समान अधिकार हासिल करने के लिए पूरी तन्मयता से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया जाय। डॉक्टर राजेश पटेल बुलबुल अपना दल एस राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि जब लड़का एवं लड़की को जिस दिन एक समान शिक्षा दिये जाने लगेगा तभी समाज का विकास सम्भव हैं। कार्यक्रम में मुखु रूप से सुनील पटेल, कमलेश विश्वकर्मा, मुंशी लाल पटेल, मौजी लाल विश्कर्मा, अंजू गौतम, विनीता विश्वकर्मा, उषा विश्वकर्मा, अरविंद पांडेय, कमल नयन विश्वकर्मा, देवेंद्र शर्मा, सत्य देव विश्वकर्मा आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन ग्रामप्रधान उर्मिला देवी ने किया।

### राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर हुआ भव्य स्वागत



**मेजा रोड।** मेजा विधानसभा, ग्रामसभा बंधवा आर्या फाउंडेशन द्वारा राजेश पटेल बुलबुल जी का राष्ट्रीय सचिव अपना दल एस बनाए जाने पर किया गया भव्य स्वागत,जमीन से जुड़े राजेश पटेल बुलबुल जी को क्षेत्र की जनता उनसे व्यक्तिगत रूप से बेहद प्रभावित रहती है सबसे बड़ी बात जनता द्वारा सुनने व जानने को मिलता रहता है की आए दिन किसी के ऊपर किसी तरह की समस्याभो चाहे प्रशासनिक, शासन द्वारा,या फिर अस्पतालों में किसी भी तरह की समस्या सुनने के बाद किसी को निराश नहीं लौटने देते,ऐसे सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को अपना दल एस का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया इसके लिए जुटी जनता ने बहन अनुप्रिया पटेल जी को सराहते हुए अभिनंदन किया उपस्थित लोगो में मुख्य रूप से सरिता विश्वकर्म, सुनील सर, विनीता विश्वकर्मा,मुंशी लाल पटेल, रितेश तिवारी,अंजू गौतम, शिव बाबू , कमलेश विश्वकर्मा,अवधेश, इत्यादि सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

### भाजपा कार्यकताओं ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**श्रृंगवेरपुर।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने भाजपा नेता व सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी के नेतृत्व में श्रृंगवेरपुर धाम स्थित गेस्ट हाउस में केक काटकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया कार्यकताओं ने योगी आदित्यनाथ की बड़ी सी तस्वीर लगाकर तस्वीर को भी केक खिलाया तथा एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया कार्यकताओं ने योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद आदि नारे भी जमकर लगाए।इस अवसर पर भाजपा नेता उमेश तिवारी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है जो हमे योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री मिला है। आज पूरे देश मे उत्तर प्रदेश विकास के मामले में सबसे आगे है। इस अवसर पर रामायण मेला कार्यालय प्रभारी अमित द्विवेदी,शिवशंकर शुक्ला गुड्डू राजा,सुमित तिवारी, सूबेदार मिश्रा, मुरारी त्रिपाठी, हैप्पी द्विवेदी, अम्बुज पाण्डेय, अभय त्रिपाठी, सागर,श्लोक,सुभाष गिरी,प्रदीप पटेल, सौरभ श्रीवास्तव, ओम प्रकाश, आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण कर मनाया गया सुबे के मुख्यमंत्री का जन्मदिन




**करछना।** प्रयागराज रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस व सुबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजना किया गया। मुख्य अतिथि करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार द्विवेदी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई का कार्य किया गया । जिसके बाद करछना विधायक ने केक काटकर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन को मनाते हुए मरीजों के बीच जाकर फल वितरण किया साथ ही केक खिलाकर कार्यकताओं का भी मुंह मीठा कराया। विधायक ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है की योगी आदित्यनाथ जैसे कर्मठ योग्य के नेतृत्व के साथ सरकार चलाकर जन सेवा करने का मौका मिला है। प्रमुख प्रतिनिधि ने पर्यावरण पर कहा पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए सभी व्यक्ति को अपने जीवन में पेड़ पौधे लगाना अत्यंत जरूरी है। स्वच्छ भारत अभियान भाजपा यमुनापार संयोजक प्रमोद कुमार तिवारी सोहगौरा ने सभी के प्रति आभार जताया। जिस मौके पर त्रिवेणी प्रसाद पांडे, एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा, मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला, कमल सिंह, ग्राम प्रधान सुरेश पांडे, धर्मराज पटेल, मनोज कुमार, प्रदीप पाठक, शिवकुमार पटेल आदि रहे।

### विधायक ने खजुरी पंचायत भवन का किया उदघाटन



**करछना।** रविवार को वि.ख.करछना विधायक पियूष रंजन निषाद एवम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी द्वारा खजुरी मे नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर ए डी ओ पंचायत विवेक मिश्र, त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय (पू. जि.पं.स.),ग्राम सचिव अमित यादव,ग्राम प्रधान खजुरी श्री परमानंद मौर्य ,प्रदीप पाठक, ग्राम प्रधान पुरैनी सुरेश पाण्डेय,प्रधान बरांव,आदि गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पर्यावरण है प्रकृति का उपहार : निर्मला पासवान



**मऊआइमा।** धरती पर जीवन के लालन पालन के लिए पर्यावरण प्रकृति का उपहार है। वह प्रत्येक तत्व जिसका उपयोग हम जीवित रहने के लिए करते हैं वह सभी पर्यावरण के अन्तर्गत आते हैं जैसे- हवा, पानी प्रकाश, भूमि, पेड़, जंगल और अन्य प्राकृतिक तत्व। हमारा पर्यावरण धरती पर स्वस्थ जीवन को अस्तित्व में रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उक्त बातें भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष निर्मला पासवान ने छाता ग्राम सभा में वृक्षारोपण के दौरान कहीं इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामसुंदर मिश्रा,दिवाकर मिश्रा,मोनू पांडेय,रवि जायसवाल,विकास,दीपक आदि भाजपा के कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण से ही पर्यावरण व जीवन बचाया जा सकता है

## कम्पनी बाग, अटल वाटिका, जिला कारागार सहित अनेक स्थानों पर हुआ वृक्षारोपण



कम्पनी बाग में वृक्षारोपण करते पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वृक्षारोपण से ही पर्यावरण व जीवन को बचाया जा सकता है। इसी मूल भावना को लेकर आज विश्व पर्यावरण दिवस पर कम्पनी बाग, अटल वाटिका, जिला कारागार, लालगंज, पट्टी, कालाकांकर आदि अनेक स्थानों पर वृक्ष लगाये गये। फूल के पौधों का रोपण किया गया और पौधों के संरक्षण के लिये संकल्प लिया गया।

शहर के कम्पनी गार्डेन में रविवार को पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि फलदार वृक्ष और फूलों का पौधा लगाकर कम्पनी गार्डेन को सदैव हरा-भरा रखा जा सकता है। इसका लाभ शहरवासियों को भी होगा। उन्हें फूलों की कमी नहीं होने पाएगी और पर्यावरण को शद्ध रखने में हम कारगर होंगे।

इस अवसर पर नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह ने कहा कि वृक्ष लगाकर ही पर्यावरण और मानव जीवन को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर कम्पनी गार्डेन में आम, चेरी, आंवला आदि के वृक्ष लगाए गए। वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह, मिथिलेश आदि लोगों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

### एलायंस क्लब ने जिला कारागार में किया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एलायंस क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष अशोक अग्रवाल व व्यवसायी विवेक कुमार के सहयोग से जिला कारागार में बंदियों द्वारा 25 वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया, जिनमें नीम, बरमद, पाकर, महुआ, आंवला, आम, कदम आदि के वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेन्द्र प्रताप चैधरी ने क्लब के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर डिप्टी जेलर अवधेश प्रसाद राय, सुनील कुमार द्विवेदी, उर्दू अनुवादक मोहम्मद शमीम, हेड जेल वार्डर रामफल भी उपस्थित रहे।



जिला कारागार में वृक्षारोपण के दौरान एलायंस क्लब के पदाधिकारी

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुआ वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** यूनिक समाज सेवा संस्थान आलापुर द्वारा रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण बचाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत फलदार व गैर फलदार वृक्ष लगाने के अभियान की सफल को पूरा किया। अभियान को सफल बनाने के लिए सुबह से आस पास के गांव परियावां मदरसा, विजय अग्रहरि के हाता, नटोही, पूरे धनऊ का पुरवा, हरदेव नगर, आलापुर, सहजनी ,रेवली, चैरही में नीम व चितवन के पेड़ संस्थान द्वारा वृक्षारोपण किया गया और लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि जिस प्रकार आप लोग अपने परिवार का ख्याल रखते है उसी प्रकार पेड़ पौधे का ख्याल रखें। कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक/निदेशक लवलेश कुमार, अध्यक्ष राहुल, ट्रस्टी विनोद कुमार, डॉ रामप्रताप, नवल किशोर, पंकज, अभिषेक, प्रखर, उदय भान, सचिन, संदीप, पवन, अजय, चन्द्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।



अटल वाटिका में वृक्षारोपण करते गुड मार्निंग योग क्लब के पदाधिकारी।

### अटल वाटिका में गुड मार्निंग योग क्लब ने किया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस पर अटल वाटिका बाबागंज पार्क में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा गुड मार्निंग योग क्लब के तत्वावधान में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर नीम, पीपल, पाकर, अमरुद के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा, जिला महामंत्री अशोक कुमार सिंह व गुड मार्निंग योग क्लब के अध्यक्ष कैलाश श्रीवास्तव द्वारा वृक्षारोपण में सहयोग किया गया।

### 51 फलदार वृक्ष किये गये रोपित

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वृक्षा हमारे जीवन की रक्षा कवच बनकर करते हैं इसलिये इन्हे संजोना प्रत्येक प्राणी का दायित्व है। यह बातें ग्राम प्रधान देवेन्द्र सिंह ने लालगंज के मधुपुर में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर 51 फलदार वृक्ष और छायादार पौधे रोपित किये गये। इस मौके पर आदित्य पाण्डेय, नजरु, राकेश पाण्डेय, वायुनंदन मिश्र, संतोष, केशवदत्त पाण्डेय, रामराज वर्मा, बुद्धू वर्मा, मोहन वर्मा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद् ने लगाए पौधे

**प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर भारत विकास परिषद् की तरफ से बीबीएफजी स्टडी सेंटर भंगवा के प्रांगण में पौध रोपण का कार्य किया गया। जिसमें गुणकारी नीम के पांच पौधे लगाए गए। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष डाक्टर बृज भानु सिंह, सचिव डाक्टर पीयूष कांत शर्मा, ट्रेजरी अश्वनी केसरवानी, शरद केसरवानी, राजेश मिश्रा, शनि सरोज, हिमांशु, साहिल मौजूद रहे। लोगों ने लगाए गए पौधों को बचाने का संकल्प लिया।

### सामुदायिक शौचालय में ताला बन्द

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार गाँव में स्वच्छ्ता मिशन को लेकर खुले में शौचालय न जाने के लिए गांव में सामुदायिक शौचालयों निर्माण में लाखों रुपये खर्च कर रही है जिससे गाँव की महिलाओं व पुरुषों को खुले में शौच न जाना पड़े और बीमारियों से बच सके लेकिन सरकार की सारी मंशा फुस्स दिखाई दे रही है। विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत केरावडीह (शेरवानीपुर) वर्ष 2020-21 पंचायती राज विभाग के अंतर्गत आवंटित स्वयं सहायता समहू के सदस्य सामुदायिक शौचालय मे ताला बन्द किये हुए है जिसकी समूह द्वारा साफ सफाई नही की जाती शौचालय की साफ सफाई में मिलने वाली सामग्री को बंदर बाट कर लिया जाता है, जिससे सरकार की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। आरोप हैं कि स्वयं सहायता समूह के सदस्य शौचालय को अपना ब्यक्तिगत रूप से इस्तेमाल करते है। जब कि गाँव मे बना सामुदायिक शौचालय ग्रामीणों के लिए बनाया गया है। शौचालय में ताला बन्द होने से मजबूरन गाँव की महिलाओं पुरुषों को खुले में शौच को जाना पड़ता है। शौचालय में ताला बन्द होने से उसका उपयोग नही हो पा रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है। ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया व खण्ड विकास अधिकारी कालाकांकर अपर्णा सैनी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों में निरंजन शुक्ला, रामजी, संजय कुमार, राजेन्द्र, कल्लू, धीरेंद्र, सुरेश, सुरेन्द्र, विकास कुमार, जितेंद्र कुमार, हरकेश आदि लोग है।

# करेंट की चपेट में आने से किसान की मौत, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर में लाइट ठीक करते समय एक किसान की विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे निजी वाहन से पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया किसान की मौत के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाले अमरनाथ उर्फ प्रधान गांव में ही रहकर खेती-बाड़ी करते थे। दोपहर में वह अपने खेत में धान की बेरन तैयार करने के लिए खेत में काम कर रहे थे। वहां से लौटने के बाद घर में बिजली के तार को जोड़ रहे थे। तभी लाइट आ जाने से वह करंट की चपेट में आ गए जिससे वह बुरी तरह झुलस गए। मौजूद परिजनों ने उन्हें किसी तरह तार से अलग किया और आनन-फानन में निजी वाहन से पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया जिस पर परिजन रोने बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमरनाथ भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता था। वह पांच बच्चों का पिता था। दो बेटे तथा एक बेटी की शादी कर चुका था। एक बेटी अंशू तथा बेटे आशीष अभी पढ़ाई कर रहे है।

### निकाली गई जागरूकता रैली

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में लालगंज ब्लाक के भोजपुर के पूरे गुरूबक्स गांव में साइकिल द्वारा युवाओं ने जागरूकता रैली निकाली।

जागरूकता रैली के तहत युवाओं ने ग्रामीणों को मेहनत तथा श्रम की महत्ता समझाया। वहीं पूरे विश्व में साइकिल दिवस की महत्ता को लेकर चलाए जा रहे अभियान की भी जानकारी दी। समाजसेवी संतोष कुमार तिवारी ने प्रकृति की रक्षा व स्वास्थ्य संवर्धन के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संयोजन एनवाईवी अमन बरनवाल तथा गरिमा सिंह ने किया। संचालन युवा मंडल अध्यक्ष मनू तिवारी ने किया। इस मौके पर सचिन तिवारी, अनिल यादव, पंकज शुक्ला, सोनू तिवारी आदि रहे।

### कांग्रेसियों ने किया पौधरोपण, हुए विविध आयोजन

**लालगंज प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस पर यहां कांग्रेसियों ने कैंप कार्यालय व ट्रामा सेंटर के सामने ग्रीन पार्क में पौध रोपण किया। चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के संयोजन में पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल कार्यकताओं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामूहिक संकल्प भी जताया। पौधरोपण कार्यक्रम में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, महामंत्री शेषनाथ तिवारी, छोटेलाल सरोज, मुन्ना शुक्ला, कुलदीप तिवारी, विनय पांडेय, सोनू मिश्रा, रोहित आदि रहे।

# पट्टी की बहू ने ने सुनाई वोल्गा की प्रेम कहानी

## फेसबुक प्रेमी ने दिया धोखा तो रूस से प्रतापगढ़ पहुंची रूसी महिला

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** फेसबुक पर हुई दोस्ती और तीन वर्षों का रिश्ता फिर धोखा मिला। प्रतापगढ़ में अपने प्रेमी को ढूंढते हुए रूस की महिला वोल्गा के दर्द को कोई समझ नहीं पा रहा था क्योंकि उसकी रशियन भाषा किसी की समझ में नहीं आ रही थी, लेकिन पट्टी के रहने वाले डॉक्टर आनंद त्रिपाठी की पत्नी रूसी ने मकरचियाम से पुलिस अधीक्षक ने फोन से संपर्क किया और फोन के जरिये वोल्गा की बात कराई तो वोल्गा के प्रेम की सारी दास्तान पट्टी की बहू ने बताई।

रूस के लुईस शहर की रहने वाली वोल्गा (45) बुधवार को भटक कर प्रतापगढ़ पहुंच गई। वह रात में कुछ देर तक प्लेटफार्म पर टहलती रही। परेशान और बेचैन देखकर लोगों ने बातचीत करने का प्रयास किया लेकिन किसी को उसकी भाषा समझ में नहीं आ रही थी। रूसी भाषा बोलने की वजह से उसे कोई समझ नहीं पा रहा था। फेसबुक के जरिए दिल्ली के रहने वाले एक युवक से संपर्क में आने के बाद वोल्गा पर्यटक वीजा लेकर मार्च 2019 में दिल्ली आई थी। कुछ दिनों तक वह युवक के साथ रही। इसके बाद एक दिन वोल्गा का पासपोर्ट और वीजा लेकर प्रेमी वहां से भाग निकला तब से वह उसकी तलाश में भटक रही है। पुलिसकर्मी उसे दिल्ली स्थित रशियन दूतावास पहुंचे लेकिन वहां से उन्हें लौटा दिया गया। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे लेकर विदेशी पंजीकरण कार्यालय पहुंचे जहां पर कई घंटे तक माथापच्ची के बाद शनिवार को बुलाया गया। रात में किसी होटल में रुकने के बाद पुलिसकर्मी महिला को लेकर फिर विदेशी पंजीकरण कार्यालय पहुंचे शनिवार की शाम को रूसी महिला ने फिर हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह शांत कराया तो उसके बाद नारी निकेतन में छोड़ दिया



लुईस शहर की रहने वाली वोल्गा

गया जहां कुछ विदेशी महिलाएं पहले से ही रुकी हुई थी पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जिले के रहने वाले रूस के नागरिकों के बारे में जानकारी जुटाई इस दौरान पट्टी के रहने वाले डॉक्टर आनंद त्रिपाठी के बारे में पता चला डॉक्टर आनंद त्रिपाठी की पत्नी रूसीने मकरचियाम मूल रूप से अर्मोनिया की रहने वाली हैं। वोल्गा से फोन पर बात कराई गई तब जाकर लोगों को वोल्गा के धोखे की कहानी पुलिस को पता चल सकी।

### चार वांछित आरोपी धराए

**लालगंज प्रतागपढ़।** कोतवाली पुलिस ने बलवा तथा हत्या के प्रयास में कोर्ट द्वारा वांछित चार आरोपियों को रविवार की सुबह धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा योगेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच पुलिस टीम को बीते बीस सोलह में हत्या के प्रयास तथा बलवा के दर्ज मुकदमे में वांछित दिख गए। पुलिस ने पूरे बक्तावर चोप सिंह का पुरवा निवासी रज्जन सरोज, रामकिशोर सरोज, राममनोहर व राजेंद्र सरोज को धर दबोचा।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर चले ईंट पत्थर

## लाठी डंडों के साथ हुई हवाई फायरिंग, कई घायल



पुलिस की गिरफ्त में मारपीट करने वाले अभियुक्तगण।

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** बीती रात करीब नौ बजे पुरानी रंजिश को लेकर थाना क्षेत्र के पडवासी घीसा का पुरवा व पड़ोसी गांव रेडवीर के लोग लाठी डंडे व ईट पत्थर लेकर एक दूसरे पर जान लेवा हमला कर दिये, जिसमें दोनों पक्षों को गम्भीर चोटें आयी। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँची जेठवारा को देख लोगो में अफरा तफरी मच गई और सभी भागने लगे।

पुलिस ने मारपीट में घायल अनिल सरोज, सुधीर व सुभाष आदि को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय भेजवाया और दोनों पक्षो से तहरीर लेकर बिभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, जिसमे रेडवीर गांव के अनिल सरोज ने अंकित गुप्ता, नीरज, धीरज व पंकज समेत 14 नामजद व 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। वहीं पड़वासी घीसा का पुरवा निवासी धीरज कुमार ने अनिल कुमार, सुनील, संदीप आदि के खिलाफ थाने पर अभियोग पंजीकृत कराया है। उक्त अभियोग की विवेचना/कार्यवाही के क्रम में थाना जेठवारा उ0नि0 मुसाफिर यादव मय हमराह द्वारा अभियोग से सम्बन्धित चार अभियुक्त को थाना क्षेत्र के ग्राम पड़वासी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सूरज प्रजापति पुत्र भगेलू राम प्रजापति, सुधीर कुमार प्रजापति पुत्र भगेलू राम प्रजापति, सुभाष चन्द्र सरोज पुत्र अर्जुन सरोज व धीरज कुमार सरोज पुत्र तीरथराज सरोज समस्त निवासीगण ग्राम पड़वासी रेड़वीर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 अरुण कुमार मौर्य मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मु0नं0 186/18 धारा 147, 323, 504, 506 भादवि व 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ से संबंधित वारण्टी अभियुक्त नीतीश वर्मा पुत्र रमाशकंर वर्मा निवासी ग्राम उदईशाहपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के ग्राम उदईशाहपुर से गिरफ्तार किया गया।

### गैंगेस्टर के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में कानून व्यवस्था के दृष्टिगत निरंतर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अंतू के थानाध्यक्ष उ0नि0 अर्जुन सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र अंतू के सिंघनी पुल के पास से मु0अ0सं0 126/21 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त अजय वर्मा पुत्र मोती लाल वर्मा नि0 देऊम पश्चिम गढ़हा थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

# दो डाक्टर समेत चार के खिलाफ जानलेवा हमले की एफआईआर

## मेडिकल कालेज के डाक्टर सचिन पर हुए हमले में हुई कार्रवाई, हड्डी के डाक्टर जेपी वर्मा और ईएमओ अनुज चौरसिया नामजद

### पीएमएस ने आज बुलाई बैठक

प्रतापगढ़। डाक्टर जेपी वर्मा और अनुज चैरसिया के ऊपर दर्ज मुकदमें से प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग, पीएमएस नाराज हैं। इस मामले को लेकर छह जून को सीएमओ दफ्तर में संघ की आपातकालीन बैठक बुलाई गई है। जिसमें आगे की रणनीति तय होगी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कॉलेज के डाक्टर सचिन कुमार के ऊपर हुए हमले में अस्पताल के ही हड्डी विभाग के सर्जन जेपी वर्मा, ईएमओ डाक्टर अनुज चैरसिया समेत चार के खिलाफ जानलेवा हमले की नामजद रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज हुई। पुलिस ने यह कार्रवाई डाक्टर सचिन की तहरीर पर की है। जिसमें गत तीस मई को उन पर हमला करने और परिजनों को जान से मारने की धमका का आरोप सचिन की तरफ से आरोपियों पर लगाया गया है। इस कार्रवाई से स्वास्थ विभाग में हड़कंप मच गया है। इसको लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद डाक्टर दो खेमे में बंट गए है। आगे की रणनीति बना रहे हैं। रिपोर्ट दर्ज होने से डाक्टरों के संघ पीएमएस में आक्रोश है। वहीं प्रिंसिपल ने इस मामले से अपने को दूर कर लिया है। मेडिकल कालेज के हड्डी के डाक्टर सचिन का आरोप है कि तीस मई को दबंगों ने उनको मारा पीटा, गालियां दी, जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। परिजनों को मारने की धमकी दी गई। इस मामले में उन्होंने राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल के अपने ही साथी डाक्टर जेपी वर्मा, ईएमओ अनुज चैरसिया और अस्पताल के स्टाफ अजय शर्मा उर्फ अजीत, अभिषेक दुबे को हमले का जिम्मेदार बताया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी सतपाल अंतिल ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था।

### पूर्व सीएमएस लपेटे में

**प्रतापगढ़।** सूत्रों से पता चला है कि इस मामले में जिला अस्पताल के पूर्व सीएमएस डाक्टर पीपी पांडे को भी लपेटा गया है। उन पर अस्पताल के मरीजों को जनपद सुल्तानपुर में स्थित नर्सिंग होम में ले जाकर सर्जरी का आरोप मढ़ा गया है। हालांकि वे कानूनी शिकंजे से बच गए हैं। लेकिन उनका प्रतापगढ़ से मोह कम नहीं हुआ है।

### एफआईआर वाली बात सचिन ने नहीं बताई: प्रिंसिपल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डाक्टर आर्य देश दीपक ने खुद को इस मामले से अलग कर लिया है। उन्होंने घटना की निंदा की। कहा कि जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। डाक्टर को मारपीट शोभा नहीं देती है। इसका उन्हें दुःख है। यह भी कहा कि एफआईआर कराने से पहले डाक्टर सचिन ने उनको विश्वास में नहीं लिया। तहरीर देने वाली बात उन्होंने बाद में बताई। पहले पता चल जाता तो शायद मामला इतना न बढ़ता। उधर इस बारे में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग, पीएमएस प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष डाक्टर राजीव त्रिपाठी का कहना है कि मामला दूसरा है। उसको गलत तरीके से और तोड़ मरोड़ कर पुलिस के सामने पेश किया गया। निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जो दोषी हो उसे सजा मिलनी चाहिए। इस बारे में एसपी से मुलाकात हुई है।निर्दोष को सजा हुई तो संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। फिलहाल इस संबंध में छह जून को सीएमओ दफ्तर में मीटिंग आहूत है।

### मानधाता ब्लाक में जेसीबी से हो रहा मनरेगा का कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने वाली केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मान्धाता ब्लॉक के ग्राम प्रधानों व अधिकारियों के लिए कामधेनु साबित हो रही है। यहां मनरेगा योजना का कार्य जेसीबी मशीन करती है और जॉब कार्ड के जरिए भुगतान चुनिंदा मजदूरों के बैंक खाते से किया जाता है। बिना काम किए मजदूर भी कुछ पा जाता है। भ्रष्टाचार के इस खेल से ग्राम प्रधान ही नहीं ब्लॉक के अधिकारी भी मालामाल हो रहे हैं। बीती रात मान्धाता के एक गांव में रात भर जेसीबी मशीन गरजती रही।

भोर में ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची जेठवारा पुलिस ने काम बंद कराया। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने रात के अंधेरे में सगीर के घर से कब्रिस्तान तक संपर्क मार्ग का निर्माण जेसीबी से करा दिया। जब कि गांव के मनरेगा मजदूर काम के लिए परेशान हैं और लगातार ग्राम प्रधान से काम मांग रहे हैं। इस प्रकार ग्राम प्रधान गरीब मजदूरों को मनरेगा की मजदूरी से वंचित कर उनके अधिकारों का हनन कर रहा है। मनरेगा योजना में इस तरह लाखों का भ्रष्टाचार ब्लॉक के कई गॉवो में सुनियोजित तरीके से चल रहा है, जिसमें ब्लॉक के कर्मचारी और अधिकारी की भी भागीदारी है।

## खबर संक्षेप

### खुशी खुशी सौंपा शरीर, शादी से इंकार पर मामला पहुंचा थाने

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावा कला गांव की एक दलित युवती ने गांव के एक युवक को खुशी खुशी अपना शरीर सौंप दिया। 3 महीने से दोनों के बीच शारीरिक संबंध बनते रहे परिजनों से बात को छुपाते हुए प्रेमी युगल प्रेम संबंधों में लीन रहे धीरे-धीरे 3 महीने का समय ब्यतीत हो गया लेकिन कहीं भी किसी को एक दूसरे से एतराज नहीं था लेकिन अचानक युवक रोजी रोटी के चक्कर में मुंबई चला गया युवक के मुंबई जाते ही युवती बेचैन हो गयी और मामले की जानकारी अपनी मां को दिया मां ने दोनों की शादी कराने की ठान ली और माँ युवक और उसके परिजनों से बात करने उनके घर पहुँची लेकिन दोनों परिवार के बीच शादी की बात पर एक राय नही हो सके जिस पर युवती ने गाली गलौज कर धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए चरवा पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

### हर्रायपुर चौराहे पर लगता है भीषण जाम

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना के अंतर्गत हर्रायपुर में चौराहे में भीषण जाम लगता है योगी आदित्यनाथ का आदेशो का पालन यहां नही हो रहा है बता दे कि हर्रायपुर चौराहे पर जाम के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं यहाँ के दुकानदारों को इतना छूट दे दी गयी कि बीच रोड पर दुकान लगाते है जिसके वजह से आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है पूरे उत्तर प्रदेश में अतिक्रमण हटाओ के नाम पर चलने वाला बाबा का बुलडोजर हररायपुर में चलता नहीं दिख रहा है पुलिस मूकदर्शक बनी है न ही बाबा का बुलडोजर चल रहा है।

### पत्रकार के पिता के निधन पर शोक

**कौशाम्बी।** पश्चिम सरीरा थाना क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी सुनील शुक्ला एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार हैं उनके पिता चंद्रशेखर शुक्ला की लंबी बीमारी के चलते शनिवार को निधन हो गया जैसे इसकी जानकारी उनके रिश्तेदारों क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को सहित पत्रकारो को लगी तो शोक की लहर दौड़ गई रविवार को चंद्रशेखर शुक्ला का अंतिम संस्कार बरुआ गांव में किया गया इस मौके पर इलाके के तमाम गणमान्य व्यक्तियों सहित पत्रकार दीपेंद्र सिंह राजू पांडेय विजय यादव मोनू दुबे सौरभ मिश्रा दीपू श्रीवास्तव आदि ने पत्रकार के पिता को अश्रुपूरित नेत्रों से अंतिम विदाई दी।

# बेकाबू पिकप ने साइकिल सवार वृद्ध को पीछे से मारी टक्कर मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर गोविंद ढाबा के पास साइकिल से जा रहे वृद्ध को बेकाबू पिकप ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने पहुंचकर चालक को हिरासत में लिया है घटना की जानकारी से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

जानकारी के मुताबिक करारी कस्बा के हसीन अहमद कृष्ण नगर मोहल्ला निवासी किसानी करते है। रविवार की सुबह वह साइकिल से अपने खेत जा रहे थे। जैसे ही वह प्रयागराज रोड़ के गोविंद ढाबा के पास पहुंचे वैसे ही पीछे से अनियंत्रित पिकप ने उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर थाने में ले आई इधर वृद्ध की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### वृद्ध की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम



पिता की लाश के पास रोता पुत्र

### कुल्हाड़ी के हमले से युवक गम्भीर घायल, रिफर

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के जहान पुर में सगे भाइयों में विवाद के कारण जमकर लाठी कुल्हाड़ी चले सगे भाईयों राकेश कुमार,मिथलेश कुमार राजेश कुमार द्वारा कुल्हाड़ी के वार से युवक पप्पू उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र दिया लाल के सीने में गंभीर चोट लग गई जिससे पप्पू गम्भीर रूप से घायल हो गया सूचना पर कड़ा धाम पुलिस ने घायल युवक को कड़ा के इस्माइल पुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां गम्भीर स्थिति देख कर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया है।

### सराय अकिल थाना में तैनात एक दिवान का चलता है एक क्षत्र राज

#### पुलिस विभाग में रहते हुए अवैध तरीके से बनाई आय से अधिक संपत्ति

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना में तैनात एक दिवान के कारनामें से क्षेत्र की जनता परेशान हो गई है। थाना में आए हुए पीड़ित फरियादियों से अभद्र व्यवहार करते हैं और पुलिसिया रौब गाठते हुए थाना परिसर से बाहर खदेड़ देना इनकी दिनचर्या की आदत बन चुकी है जिसके चलते सराय अकिल थाना में पीड़ित फरियादियों को निष्पक्ष तरीके से न्याय नहीं मिला पाता। इनके कारनामें की चर्चा क्षेत्र में बड़ी तेजी के साथ हर जगह हो रही है। न्याय की आश लेकर सराय अकिल थाना आए हुए पीड़ित फरियादियों से पहले अवैध वसूली की डिमांड करते हैं और यदि इनके कहे अनुसार पीड़ित फरियादी डिमांड पूरी नहीं कर पाते तो विपक्ष से मिलकर पीड़ित के ऊपर ही नाजायज दबाव बनाना शुरू कर देते हैं। सूत्रों की माने तो पुलिस विभाग में रहते हुए उक्त दिवान ने अवैध तरीके से आय से अधिक संपत्ति अर्जित कर ली है जो बड़ी जांच का विषय है दिवान सराय अकिल थाना के समांतर थानेदार कहलाए जाते हैं और इनके इशारे पर थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार बड़ी तेजी के साथ फल - फूल रहा है। सराय अकिल थाना से कुछ कदम की दूरी पर स्थित बस अड्डा के पास एक दुकान से नशेड़ी किस्म के लोगों को गांजा एवं स्मैक की सप्लाई की जाती है जिसका हिस्सा उक्त दिवान के पास प्रतिमाह पहुंच रहा है। उक्त दिवान के संरक्षण में हो रहे गांजा एवं स्मैक की सप्लाई को रोकने का साहस किसी ने नहीं जुटाया।

## 14 लाख लोगों ने खाई फाइलेरिया की दवा : अनुपमा मिश्रा

### मॉप अप राउण्डन में छूटे हुए लोगों को खोजकर खिला रहे फाइलेरिया की दवा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** एक जून से 6 जून में चलाये जा रहे मॉप अप राउंड में आशा व विभाग कर्मियों के सहयोग से दवा का सेवन कराया जायेगा। शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य है। यह कहना मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के सी राय का है उन्होंने जिलेवासियों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं से भी अपील की है कि अभियान सफल बनाने में मदद करें जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूकलन अभियान के तहत चलाए जा रहे फाइलेरिया दवा सेवन (आईडीए) अभियान के दौरान अभी तक 14,15,959 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा चुकी है। जिले में 15 दिन तक चले अभियान में लगभग 77 फीसद लोगों ने दवा का सेवन कराया जा चुका है।उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 17 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया था जिसके सापेक्ष लगभग 14 लाख लोगों को दवा खिलाई जा चुकी है अभियान के दौरान 604 हाथीपाँव व 374 हाइड्रोसिल के केस मिलें है। उन्होंने कहा कि अभियान तभी सफल होगा जब सभी दवा का सेवन करेंगे इसलिए टीम के साथी दवा सामने खिलाएं दवा देकर बिलकुल ना आये उन्होंने बताया कि यदि मॉप अप के बाद डब्लू.एच.ओ के पोस्ट आई.डी.ए सर्वे के दौरान किसी परिवार में दवा मिलती हैं तो उस क्षेत्र की टीम एवं सुपरवाईजर जिम्मेदार होंगे डॉ डी.एस यादव ने बताया फाइलेरिया जानलेवा बीमारी तो नहीं है लेकिन यह व्यक्ति को जीवन भर के लिए दिव्यांग बना सकती है लगातार पाँच साल तक साल में एक बार दवा खाने से इस बीमारी से बचा जा सकता है।

# नहरों का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचाने का हो पुख्ता इंतजाम : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में किसानों की सिंचाई की समुचित व्यवस्था के लिए निचली गंगा नहर फतेहपुर (सिंचाई विभाग डिवीजन) को एक ज्ञापन सौंपा गया। पार्टी नेता अजय सोनी ने शुक्रवार को जनपद फतेहपुर जाकर निचली गंगा नहर के डिवीजन कार्यालय में कौशांबी इलाके की करारी माइनर नहर से सम्बन्धित एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता के कार्यालय में उनकी गैरमौजूदगी में उनके विभागीय बड़े बाबू शिव कुमार सरोज को सौंपा। साथ ही मोबाइल के माध्यम से अधिशासी अभियंता निचली गंगा नहर (करारी माइनर) जे पी वर्मा से कई विषयों पर बातचीत की। बातचीत के दौरान अजय सोनी ने बताया कि करारी माइनर एवं इससे जुड़े तमाम रजबहों की टूटी नालियों एवं छतिग्रस्त पुलों की समुचित मरम्मत कराए जाने की जरूरत है। साथ ही कई जगह जनहित में नए पुल के निर्माण एवं किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए कई जगह नए फाटक(गेट) लगवाने की भी जरूरत है। आगे कहा कि नहरों में पानी आने से किसानों को फायदा नहीं पहुंच रहा है। किसानों के खेत तक पानी पहुंचाने के लिए जरूरी है कि नाली, कुलाबे एवं फाटक की समुचित व्यवस्था हो और जहां जरूरी हो, वहां नई नई नालियां, कुलाबे और नए फाटक लगवाए जाएं। इसी के साथ अजय सोनी ने साल 2021-22 एवं चालू वित्तीय वर्ष के दौरान करारी माइनर एवं इसके रजबहों की हुए खुदाई, सफाई की जांच की मांग भी की।इस अवसर पर सुनील सोनकर, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

# डीएम एसपी ने किया पौधारोपण

### जिले वासियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के प्रति किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण कर जनपदवासियों को भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने के प्रति जागरूक किया। जिलाधिकारी ने हरिशंकरी (पीपल, पाकड़ एवं बरगद) तथा पुलिस अधीक्षक ने आम का पौधारोपण किया ज्ञातव्य है कि पृथ्वी पर पर्यावरण को जीवन्त बनाये रखने एवं जीवन को संजीवनी प्रदान करने के लिये पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। पौधारोपण से वन सम्पदा में वृद्धि होती है। वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन के उत्सर्जन के साथ ही वायुमण्डल में कार्बन डाई ऑक्साइड को नियंत्रित करते हैं। मानव व जीव-जन्तुओं के जीवन को सुखी, समृद्ध एवं वायुमण्डल को संतुलित बनाये रखने के लिये वृक्षों का विशेष महत्व है।वृक्ष धरती का आभूषण है और पर्यावरण सन्तुलन में सहायक है। डीएम ने कहा कि सभी लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिये, जिससे पर्यावरण का सन्तुलन बना रहे. पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं. ये हवा को शुद्ध करते हैं. पानी को संरक्षित करते हैं, जलवायु नियंत्रण में मदद करते हैं।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण करते जिलाधिकारी

## न्यूज झरोखा

### विश्व हिंदू महासंघ ने पौधरोपण कर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**कौशाम्बी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्व हिन्दू महासंघ के कार्यकताओं ने मनौरी बाजार में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का 51वा जन्मदिन पौधरोपण कर धूमधाम से मनाया है। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे संघ के जिला महामंत्री वीरेन्द्र कुमार केशरवानी ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस है और आज ही के दिन हमारे विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है जिसको लेकर हमारे संघ के मंडल प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय एवं जिलाध्यक्ष नरेश चंद्र केशरवानी सहित सभी कार्यकर्ता मिलकर पौधरोपण कर दीप प्रज्वलित करके एक दूसरे को मिठाईया खिलाते हुए बड़े ही धूमधाम के साथ जन्मदिन मना रहे है। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ की लंबी आयु के लिए कामना की और कहा कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार काम कर रही है वो हमारे हिन्दू समाज के लिए एक गर्व की बात है। योगी आदित्यनाथ के कार्यों की हम सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सराहना करते हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री वीरेंद्र केशरवानी उर्फ गुड्डू मंत्री, मंडल प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय जिलाध्यक्ष नरेश चंद्र केशरवानी, जिला उपाध्यक्ष ऋषभ देव मिश्रा सुरेश चंद्र केशरवानी, रिषभ केशरवानी राकेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुशवाहा, राजेश केसरवानी, राजू केसरवानी उर्फ स्वामी जी सहित तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहें।

### हवन पूजन कर मनाया योगी जी का जन्मदिन



**कौशाम्बी।** हिंदू युवा वाहिनी की कौशाम्बी टीम ने हिंदू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर उनके दीघार्यु के लिए हवन व जप किया। स्वहिन्दू ह्रदय सम्राट हिन्दू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश परमपूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज के जन्मदिन के शुभावसर पर हिन्दू युवा वाहिनी कौशाम्बी परिवार के द्वारा माता झारखंडी प्रांगड़ में भव्य पूजन हवन पूजन किया गया और योगी जी महाराज की दीघार्यु की प्रार्थना की गई जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कौशाम्बी दुर्गेश चौरसिया जिला महामंत्री मोनू त्रिपाठी, शेषनारायण करवरिया ,सरसवां ब्लाक अध्यक्ष सूरज के0,ब्लाक महामंत्री विश्वजीत द्विवेदी राहुल तिवारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# घटिया क्वालिटी के ईट से बन रहा पंचायत भवन!

अखंड भारत संदेश

### जेई के खास लाइनमैन से बना प्रधान विद्युत कार्यवाही की धमकी देकर ग्रामीणों पर गांठता है रौब



**कौशाम्बी।** नेवादा विकासखंड के ग्राम पंचायत दरहा में निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है नेवादा खंड विकास अधिकारी पंचायत सचिव और एडीओ पंचायत मूकदर्शक बने हुए हैं गांव में ईट से पंचायत भवन बन रहा है लेकिन इसमें तीसरी क्वालिटी की पीली ईट का उपयोग ग्राम प्रधान कर रहा है घटिया क्वालिटी के ईट से निर्माण के बाद भी जिम्मेदार मौन बने हुए हैं गांव में मनरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरों के काम देने में भी बड़ी धांधली हो रही है 3 दर्जन से अधिक मजदूर मनरेगा योजना में काम नहीं करते हैं लेकिन उनकी हाजिरी अभिलेखों में प्रतिदिन भरी जा रही है फर्जी मजदूरी दर्ज करने के बाद तीन दर्जन मजदूरों के नाम दरहा ग्राम पंचायत द्वारा सरकारी खजाने से मजदूरी निकाली जा रही है इस मामले में मजदूरों से प्रधान की सांठगांठ है और सरकार से बैंक खाते में मजदूरी मिलने के बाद दोनों मजदूरी की रकम आधा-आधा बांट लेते हैं मजदूरी के नाम पर भी प्रधान और मजदूरों के साठगांठ से सरकारी खजाने को लूटे जाने का बेखौफ खेल शुरू हो चुका है मामले की शिकायत ग्रामीणों ने करना शुरू किया था कि ग्राम प्रधान ने पूरे गांव को धमकी दिया है कि वह विद्युत पावर हाउस पुरखास में प्राइवेट लाइनमैन का काम करता है और विद्युत विभाग में अवर अभियंता से उसके गहरे संबंध है और अवर अभियंता से कहकर गांव वालों के खिलाफ झूठी विद्युत चोरी कटिया लगाने का मुकदमा दर्ज करवा देंगे इतना ही नहीं फर्जी बिल बनाकर विद्युत वसूली के लिए आरसी जारी करवाकर ग्रामीणों को जेल भिजवा देंगे अब लाइन मैन का अवर अभियंता से क्या गहरे संबंध है यह तो चर्चा का विषय है ग्राम प्रधान के तुगलकी फरमान से पूरे गांव में दहशत का माहौल कायम है जिससे ग्रामीण आवाज उठाने से भय खाते हैं दरहा ग्राम प्रधान पंचायत सचिव की साठगांठ से ग्राम पंचायत के पंचायत भवन निर्माण में खजाने में धांधली करने में लगा है मनरेगा योजना में भी धांधली का नया तरीका शुरू हो गया है ग्राम पंचायत की धांधली में यदि अधिकारियों ने जांच कराई को बड़ा घोटाला उजागर होना तय है।



सेवा में,

विषय : अतिक्रमण/रोड क्षतिग्रस्त होने के सम्बन्ध में।

मार्ग का नाम :

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि आपके द्वारा लोक निर्माण विभाग के लेपित मार्ग एवं मार्ग की पटरी पर अपने घर का पानी निकालने/जानवर बांधने, हवदा रखने /कूड़ा जमा करने के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में मार्गों से तत्काल अतिक्रमण हटाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के तीन दिन के अन्दर उपरोक्त मार्ग पर अपने घर का पानी निकालने/जानवर बांधने, हौदा रखने /कूड़ा हटाना सुनिश्चित करे, अन्यथा आपके विरूद्ध मार्ग क्षतिपूर्ति (धनराशि) की वसूली की कार्यवाही नियमानुसार करायी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,कौशाम्बी
दिनांक

पत्रांक : कैम्प /सहा0अभि0

प्रतिलिपि :-
1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कौशाम्बी को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. सम्बन्धित थानाध्यक्ष, कौशाम्बी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सम्बन्धित अवर अभियन्ता/खण्डीय अमीन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,कौशाम्बी

### अवैध अतिक्रमण कताओं को पीडब्ल्यूडी ने भेजी नोटिस

**कौशांबी।** योगी सरकार अवैध अतिक्रमण करने वालों पर पूरी तरह से सख्त है इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क और पटरियों पर कब्जा करने वाले ग्रामीणों को नोटिस भेजना शुरू कर दिया है ग्रामीणों के पास जैसे ही पीडब्ल्यूडी से नोटिस मिलना शुरू हुई है गांव गांव हड़कंप मच गया है सड़क और पटरियों पशु बांधना हौदा रखने वाले घर का गंदा पानी बहाने वाले और घर का कूड़ा फेंकने वाले ग्रामीणों को नोटिस देकर पीडब्ल्यूडी द्वारा धमकी दिया जा रहा है कि तत्काल पटरी और सड़क खाली कर दे वरना लेपित सड़क बनाने में आने वाले खर्च के नुकसान की भरपाई ग्रामीणों से की जाएगी पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ग्रामीणों को नोटिस दिए जाने के बाद हड़कंप मचा हुआ है दूसरी तरफ सूत्र बताते हैं कि नोटिस देने के बाद समझौता कराने नोटिस खत्म करने के नाम पर विभाग के लोगों द्वारा ग्रामीणों से रकम की डिमांड भी शुरू हो गई है योगी सरकार का निर्देश गरीबों के लिए मुसीबत बनी है और समझौते के नाम पर विभाग का केवल वसूली का खेल शुरू है।



बैठक करते ब्राम्हण एकता परिषद के पदाधिकारी

### पौधारोपण के बाद अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने की बैठक

**कौशाम्बी।** बअखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की मासिक बैठक रविवार को हिमांचल का पुरवा में चंद्रमणि मिश्रा(राहुल प्रधान) जिला महामंत्री के आवास में सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम की विधि विधान से पूजा पाठ किया गया तत्पश्चात परिषद के सदस्यों के साथ बैठक की गई जिसमें संगठन द्वारा पूर्व में कन्याओ के विवाह व विप्रो की अन्य तमाम मदद की गई उसको सबको बताया गया बैठक में यह निर्णय लिया गया की संगठन का प्रचार प्रसार व हर घर हर गाँव गाँव सदस्यता अभियान के संदर्भ में विस्तृत चर्चा हुआ इस दौरान पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में संगठन के सदस्यों के द्वारा पौधारोपण किया गया जिसमे जिला प्रमुख अजय मिश्रा,जिला अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी,सोनू प्रधान(कोषाध्यक्ष),हरीश दिवेदी,अशोक मिश्रा (मढ़ी),अंकित त्रिपाठी,मनोज पांडेय(बशुहार),अशोक मिश्रा (जोगापुर) योगेन्द्र त्रिपाठी(प्रधान) पंकज मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या सदस्य उपस्थित रहे।

# जिद्दी बस चालक नहीं मानते पुलिस का निर्देश

अखंड भारत संदेश

### जिले के प्रत्येक अड्डे पर डामर सड़क पर खड़ी होती है प्राइवेट बसें




डामर सड़क पर बस खड़ी कर सवारी बुलाता कंडक्टर

**कौशांबी।** योगी सरकार ने सड़क और पटरी पर अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया लेकिन जनपद में जिद्दी बस चालक पुलिस का निर्देश नहीं मानते हैं मुख्यालय मंझनपुर सहित करारी बेनीराम कटरा तिल्हापुर मोड़ आदि स्थानों पर खड़ी होने वाली प्राइवेट बस चालकों प्राइवेट बस संचालकों का हौसला नहीं टूट रहा है डामर सड़क पर बस खड़ी करके अभी भी प्राइवेट बस चालक सवारी भर रहे हैं आखिर योगी सरकार के निर्देश के बाद जिला पुलिस द्वारा जारी किया गया आदेश प्राइवेट बस चालक मानने को क्यो तैयार नहीं है यह कितने मनबढ़ हो गए हैं थाना के कार खास सिपाहियों से इनके क्या रिश्ते हैं जिले के मंझनपुर मुख्यालय करारी बेनीराम कटरा तिल्हापुर मोड़ पर प्राइवेट बसें डामर सड़क पर खड़ी होकर पूरे दिन सवारी चढ़ाती और उतारती है प्राइवेट बस चालकों का यह रवैया पुलिसिया व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है यह एक दिन का यह मामला नहीं है प्रतिदिन प्राइवेट बस चालक अपनी जिद पर अड़ कर डामर सड़क पर बस खड़ी करके सवारी चढ़ाते और उतारते हैं।

### बिना परमिट की बस पर कप्तान साहब का भी नहीं लागू हो सका आदेश!

**कौशाम्बी।** बीते तीन दशक से बिना परमिट के सड़कों पर दौड़ रहे तीन दर्जन अवैध बसों का संचालन रोकने का निर्देश योगी सरकार ने 20 दिनों पूर्व जारी किया लेकिन योगी सरकार का यह निर्देश अभी तक जिले में नहीं लागू हो सका है आखिर बिना परमिट के प्राइवेट बस संचालन को कौन बढ़ावा दे रहा है किसके निर्देश से अवैध बसे बेखौफ तरीके से सड़कों पर दौड़ रही है यह बड़ा जांच का विषय है बताते चलें कि जनपद मुख्यालय मंझनपुर से तीन दर्जन प्राइवेट बस बिना परमिट के कादीपुर पुलिस चौकी सिंघिया पुलिस चौकी भरवारी पुलिस चौकी मूरतगंज पुलिस चौकी महगाव पुलिस चौकी पूरा मुक्ति थाना बमरौली पुलिस चौकी सलाहपुर पुलिस चौकी धूमनगंज थाना चौफटका पुलिस चौकी होते हुए प्रयागराज रेलवे स्टेशन तक खुल्दाबाद थाना पुलिस और 2 जिले के यातायात पुलिस और एआरटीओ को चकमा देकर दिन दो चक्कर तीन दर्जन बिना परमिट की बसें सड़कों पर दौड़ रही हैं कार्रवाई के नाम पर अभी तक केवल नाटक बाजी हुई है आखिर बिना परमिट की बस संचालन के पीछे योगी सरकार के निर्देश की धज्जियां कौन उड़ा रहा है जिससे बस संचालकों का मनोबल नहीं टूटा है और सड़कों पर चलने वाली बस अभी तक सीज नहीं की गई है सूत्रों की माने तो पूरी व्यवस्था अवैध बस संचालन में हिस्सा वसूली तक सीमित है।

# सरकारी नलकूप से किसानों को नहीं मिल पाता सिंचाई के लिए पानी!

अखंड भारत संदेश

### नलकूप ऑपरेटर ने ठेकेदार को सौंपा सरकारी नलकूप ठेकेदार सिंचाई की कर रहा अवैध वसूली, सरकारी नलकूप से सिंचाई के नाम पर हो रही अवैध वसूली में अधिशासी अभियंता नलकूप बने धृतराष्ट्र

**कौशांबी।** सरकारी नलकूप की व्यवस्था पूरे जिले में चौपट हो गई है विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते 90% से अधिक नलकूप में ऑपरेटर मौजूद नहीं रहते जबकि नलकूप चलाने की जिम्मेदारी सरकार ने ऑपरेटर को दे रखी है लेकिन उसके बाद भी गांव के दबंग और ठेकेदारों को सरकारी नलकूप सौप कर नलकूप ऑपरेटर शहरों में आराम फरमाते हैं कभी-कभी शहर में स्थित अधिशासी अभियंता नलकूप के कार्यालय में आपरेटर चेहरा दिखा कर देते हैं और विभागीय अधिकारी की जी हुजूरी करके उनके खास बने रहते हैं जिससे विभागीय अधिकारी नलकूप ऑपरेटर पर मेहरबान हैं अधिशासी अभियंता नलकूप के उदासीनता के चलते पूरे जिले के सरकारी नलकूप में दबंग और ठेकेदारों का कब्जा हो चुका है जिससे किसानों की फसलों में खेतों की सिंचाई के लिए समय से नलकूप से पानी नहीं मिल पाता है किसानों की फसल सूख जाती है ठेके पर जिन्हें नलकूप सौंपे गए हैं वह वसूली के नाम पर बड़ी कमाई कर रहे हैं समझदार किसान उन्हें हजारों रुपया दे करके अपनी फसल की सिंचाई कर फसल बचा लेते हैं लेकिन कानून नियम की बात करने वाले किसान आपरेटर द्वारा नियुक्त ठेकेदार को अतिरिक्त सिंचाई की कीमत नहीं देते हैं जिससे उन किसानों की फसलों में ठेकेदार पानी नहीं देते हैं और फसलें सूख जाते हैं जिससे किसानों के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी है लेकिन पूरे जिले में नलकूप की व्यवस्था चौपट होने के बाद अधिशासी अभियंता नलकूप धृतराष्ट्र बने हैं इसके बाद भी नलकूप ऑपरेटर पर कार्रवाई नहीं हो रही है नलकूप मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर सरकारी खजाने को भी चपत लगाई जा रही है मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ओसा गांव स्थित सरकारी नलकूप ऑपरेटर पूरी तरह से गायब है और नलकूप की जिम्मेदारी ओसा गांव के ज्ञान सिंह को सौंपी गई है जो किसानों से डेढ़ सौ रुपया प्रति घंटा सरकारी नलकूप से किसानों को पानी देने के नाम पर वसूली कर रहा है इस संबंध में अधिशासी अभियंता नलकूप से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी है।

संपादकीय

# यूपी में तीसरा निवेशक सम्मेलन और उसका हासिल

**बड़े** लोग आते हैं तो कुछ बड़ा होता है। अप्रत्याशित होता है। सम्मेलन कोई भी हो। उसके अपने प्रभाव तो होते ही हैं। अब यह धारक की धारिता पर निर्भर करता है कि वह सम्मेलन से क्या लेता और क्या छोड़ता है? वैसे भी यह संसार गुण-दोषमय है। गुणग्राही बनना है या दोषग्राही, यह हमें खुद तय करना है। आग से ऊष्णता और जल से शीतलता न मिले तो उसका औचित्य क्या है? कमोवेश यही बात बड़े लोगों के साथ भी है। उद्योगपतियों को भामाशाह बनना होगा। इसके लिए उन्हें देश और प्रदेश रूपी महाराणा प्रताप को अपना धन देना नहीं है बल्कि उसे जनहित में व्यापार में लगाना है। व्यापार बढ़ेगा तो इससे उन्हें तो लाभ मिलेगा ही, जहां व्यापार लगेगा,वहां के लोग भी लाभान्वित हो सकेंगे। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तीसरा निवेशक सम्मेलन ऐतिहासिक रहा। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 80224 करोड़ रुपये की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। वर्ष 2018 के पहले निवेशक सम्मेलन में भी उन्होंने 61 हजार करोड़ के निवेश वाली 81 परियोजनाओं का शिलान्यास किया था। पहले निवेशक सम्मेलन में देश-विदेश के तकरीबन छह हजार उद्योगपतियों ने भाग लिया था। इस सम्मलेन से उत्तर प्रदेश में 4.68 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पास हुए थे जिसके निमित्त 1045 एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मानें तो विगत 5 साल में इनमें से 3 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव जमीन पर उतरे। कोरोनाकाल में भी तकरीबन 66 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव पास हुए। उन्हें मूर्त रूप देने में हमें सफलता मिली। जुलाई 2019 के द्वितीय निवेशक सम्मेलन में भी प्रधानमंत्री ने 67 हजार करोड़ के निवेश वाली 290 परियोजनाएं शुरू की थीं। प्रधानमंत्री जब भी उत्तर प्रदेश आए हैं तो खाली हाथ नहीं आए हैं। कुछ न कुछ उपहार उन्होंने उत्तर प्रदेश को दिया अवश्य है। ऐसी ही अवधारणा अन्य राज्यों की भी है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तर प्रदेश प्रेम किसी से छिपा नहीं है। उन्हें पता है कि उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति की बेहतरी भारत के हर छठे व्यक्ति की बेहतरी जैसी है। विकास के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने का एक भी अवसर वे अपने हाथ से जाने नहीं देते। एक मोटिवेशन गुरू की तरह वे लोगों को प्रेरणा देते नजर आते हैं। वे अगर रेडियो पर मन की बात करते हैं तो आम जनता से भी समय-समय पर संवाद करते हैं। उन्हें पता है कि व्यापार के बिना उत्तर प्रदेश के विकास की बात नहीं बनेगी। इसलिए उन्होंने वर्ष 2003 में जिस तरह ब्राइब्रेंट गुजरात के नाम से निवेशक सम्मेलन किया था, उसी तरह का प्रयोग उन्होंने यूपी में भी कराया। अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी कराया। इन निवेशक सम्मेलन में देश-दुनिया की जानी-मानी औद्योगिक हस्तियां शामिल होती रही हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें निवेश के लिए यथासंभव प्रोत्साहित भी करते हैं। इस बार भी उन्होंने उद्योगपतियों से कृषि क्षेत्र में निवेश करने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने यह बताने-जताने का भी प्रयास किया है कि उत्तर प्रदेश ही 21वीं सदी में भारत की तरक्की को मोमेंटम देगा। यह बहुत बड़ी बात है और इसके अपने दूरगामी संदेश भी हैं। अच्छा तो यह होता कि अन्य राज्य भी इस क्षेत्र में उत्तर प्रदेश से प्रतिस्पर्धा करते तो यह प्रयोग देश को फिर स्वर्ण विहंग बनाने में सहायक और कारगर होता। प्रधानमंत्री जब यह कहते हैं कि मौजूदा दशक में उत्तर प्रदेश भारत का बहुत बड़ा ड्राइविंग फोर्स बन जाएगा तो इसमें कुछ गलत नहीं है।

# मील का पत्थर साबित होगी थर्ड ग्राउंड सेरेमनी

प्रेम शर्मा










**उत्तर प्रदेश में तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी (जीबीसी) में आए निवेश के प्रस्तावों से पूर्वी उप्र में औद्योगिक निवेश में बढ़ती रुचि के साफ संकेत हैं। सर्वाधिक निवेश के प्रस्ताव पश्चिम उत्तर प्रदेश में आए हैं, वहीं वहीं दूसरे नंबर पर पूर्वांचल है**

**उत्तर** प्रदेश की आबादी के हिसाब से भले ही संसाधनों की कमी नजर आती हो लेकिन आज अपने यशस्वी जीवनकाल के 50 वर्ष पूरे करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत में प्रदेश में औद्योगिक विकास, अर्थव्यवस्था की मजबूती और सबसे विकराल समस्या बेरोजगारी से निजात दिलाने के लिए थर्ड ग्राउंड सेरेमनी के माध्यम से उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर किया है। योगी के नेतृत्व में 21 जुलाई 2018 को पहेली ग्राउंड सेरेमनी में 61,792 वाली 81 परियोजनाओं का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में हुआ। दूसरी ग्राउंड सेरेमनी 28 जुलाई 2019 में 67,202 करोड़ के निवेश से 290 परियोजनओं की आधार शिला गृह मंत्री अमित शाह और तीसरी ग्राउंड सेरेमनी 3 जून 2022 को 80,224 करोड़ के निवेश वाली 1406 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जा चुका है। किसी मुख्यमंत्री के कार्यकाल में शायद ही इतने भारी भरकम निवेश और इतनी अधिक संख्या में परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अब तक के कार्यकाल में 1787 परियोजनाओं को जमीन पर उतारने का ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। परियोजनाओं की शतप्रतिशत सफलता एक लम्बी प्रक्रिया है लेकिन जिस तरह का प्रयास योगी सरकार ने किया है वह उत्तर प्रदेश को देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने तथा उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थित में थर्ड ग्राउण्ड सेरेमनी में देश के दिग्गज उद्योगपतियों की उपस्थिति में 80,224 करोड़ रुपए 1,406 परियोजनाओं की आधारशिला रखकर प्रदेश की प्रगति के प्रति डबल इंजन की सरकार ने अपना इरादा जता दिया है। अपने दूसरे कार्यकाल में ढाई की अवधि में ही जिस तरह से यह भव्य समारोह लक्ष्मण नगरी में आयोजित हुआ उस पर देश दुनिया की नजर टिकी रही होगी। एक साथ 1406 परियोजनाओं का ऐतिहासिक शिलान्यास इस बॉत का प्रमाण साबित हो रहा था कि आर्थिक प्रगति और देश के विकास में उत्तर प्रदेश अपनी पूरी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3.0 में 80224 करोड़ की 1406 निवेश परियोजनाओं की आधारशिला के दौरान का यह कहना कि प्रदेश में तेजी से विकास के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा, यूपी 21 वीं सदी में देश की ग्रो स्टोरी को मोमेंटम देगा और यह हिंदुस्तान का अगले 10 वर्ष में बहुत बड़ा ड्राइविंग फोर्स बनने वाला है। उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बॉत है। प्रधानमंत्री ने देश के नामचीन उद्योगपतियों व निवेशकों से कहा कि हम नीति, निर्णय, नीयत और स्वभाव से विकास के साथ हैं। यूपी के विकास व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए जिस भी सेक्टर में, जो भी रिफार्म आवश्यक होंगे, लगातार किए जाते रहेंगे। उन्होंने उद्यमियों को भरोसा दिया कि हम आपके हर प्रयास में साथ होंगे और हर कदम पर साथ देंगे। मोदी ने कहा, 80 हजार करोड़ के निवेश से रोजगार के हजारोंनए अवसर बनेंगे। इसका सबसे बड़ा लाभ यूपी के युवकों-युवतियों व नई पीढ़ी को होने वाला है। उन्होंने कहा, यह देश केसाथ ही यूपी की ग्रोथ स्टोरी पर बढ़ते विश्वास को दिखाता है। पीएम ने थर्ड सेरेमनी के दौरान बताया तेज विकास के लिए डबल इंजन की सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट और मैन्युफैक्चरिंग, तीनों पर एक साथ काम कर रही है। इस वर्ष केंद्रीय बजट में 7.5 लाख करोड़ के अभूतपूर्व कैपिटल खर्च का प्रावधान किया गया है। मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई स्कीम घोषित की है, जिसका लाभ यूपी में भी मिलेगा। उन्होंने कहा, यूपी में डिफेंस कॉरिडोर बेहतरीन संभावना लेकर आ रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सरकार ने बड़ी हिम्मत के साथ 300 सैन्य उपकरण विदेश से न मंगाने का फैसला किया है। डिफेंस सेक्टर में जो लोग निवेश करना चाहते हैं उनके लिए इन 300 उत्पादों के लिए एश्योर्ड मार्केट उपलब्ध है। इसका निवेशकों को बड़ा लाभ होने वाला है। यूपी में आधुनिक पॉवर ग्रिड हो, गैसपाइपलाइन का नेटवर्क हो, या मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी हो, सभी पर 21 वीं सदी की आवश्यकताओं के हिसाब से काम हो रहा है। आज यूपी में जितने किमी. एक्सप्रेस-वे पर काम हो रहा है, वह रिकार्ड है। आधुनिक एक्सप्रेस-वे का सशक्त नेटवर्क यूपी के सभी इकोनामिक जोन को आपस में जोड़ने वाला है। जल्द ही यूपी की पहचान आधुनिक रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर के संगम के रूप में होने जा रहा है। ईस्टर्न व वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर यूपी में आपस में जुड़ने वाले हैं। जेवर समेत यूपी के 5 अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट यहां की अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी को और मजबूत करेंगे। ग्रेटर नोएडा व वाराणसी में दो मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट लाजिस्टिक हब का निर्माण हो रहा है। औद्योगिक रणनीति व लॉजिस्टिक के हिसाब से यूपी देश के सबसे आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर वाले राज्यों में शामिल हो रहा है। यूपी में बढ़ता हुआ इन्वेस्टमेंट यूपी के युवाओं के लिए अनेक नए अवसर लेकर आ रहा है। भारत ने बीते वित्तीय वर्ष में 417 बिलियन डालर यानी 30 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा मर्केंडाइज एक्सपोर्ट कर एक नया रिकार्ड बनाया है।

उत्तर प्रदेश में तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी (जीबीसी) में आए निवेश के प्रस्तावों से पूर्वी उप्र में औद्योगिक निवेश में बढ़ती रुचि के साफ संकेत हैं। सर्वाधिक निवेश के प्रस्ताव पश्चिम उत्तर प्रदेश में आए हैं, वहीं वहीं दूसरे नंबर पर पूर्वांचल है। इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स व खाद्य प्रसंस्करण से लेकर ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट शामिल हैं। पूर्वांचल में निवेशकों की रुचि बढ़ने के पीछे एक मुख्य कारण लखनऊ-गाजीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का त्वरित गति से पूरा होना भी है। इसके अलावा हवाई सेवाओं में लगातार हो रही वृद्धि से भी निवेशक काफी आशांवित हैं। यही वजह है कि बड़े, मझोले और लघु उद्योगों के लिए अब पूर्वी उत्तर प्रदेश एक पसंदीदा क्षेत्र बनाता जा रहा है। 200 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव भी अच्छी खासी संख्या में हैं। आने वाले समय में अन्य परियोजनाओं के पूरा हो जाने के साथ ही पूर्वी उप्र में बड़े स्तर पर नए उद्योग शुरू होने की संभावना है। थर्ड सेरेमनी ने पूर्वांचल के औद्योगिक विकास में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ने एक नई जान फूंक दी है। पूर्वांचल के सात जिलों में 23 सौ करोड़ के निवेश से जहां पांच हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं सरकार के कोष में भी इजाफा होगा। पूर्वांचल के कामगार, श्रमिक पलायन नहीं करेंगे, बल्कि घर में ही रहकर अपनी जीविका चलाएंगे। उद्यमियों के अनुसार पिछले चार-पांच साल में वाराणसी समेत पूर्वांचल के अन्य जिलों में औद्योगिक विकास को गति मिली है। लखनऊ में हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में इस बार पूर्वांचल में निवेश का ग्राफ पिछले सेरेमनी की तुलना में काफी चढ़ा है। कुल मिलाकर जहॉं चाह वहा राह की दिशा में कोरोना काल के भीषण संकट से उबरे प्रदेश को अल्प काल में जिस तरह से औद्योगिक विकास और बेरोजगारी को कम करने की दिशा में योगी सरकार ने पहल की है उसे धरातल में लाने के लिए सरकार को इन परियोजनाओं की पाक्षिक समीक्षा के लिए एक मंत्री और एक शीर्ष अफसर समूह का गठन करना चाहिए। बहरहाल उत्तर प्रदेश सरकार का नेतृत्व सम्हाल रहे योगी आदित्यनाथ ने अपने पचास बंसत पूरे कर लिये है, उनमें काम करने का साहस, मेहनत और निष्ठा की प्रचुरता और दृढ़विश्वास इस बॉत का प्रतीक है कि जो कदम उनका आगे बढ़ा है वह मंजिल पर जाकर ही रूकेगा।

# शी घोस्ट का उज्ज्वल भविष्य...

सुनील कुमार महला

इस रंग बदलती दुनिया में हम दो ही चीजों के कायल हैं। एक तो हम हमारे देश के राजनेताओं के कायल हैं और दूसरे कायल हम हमारे देश के भूतों के हैं। भूत यानी कि "घोस्ट"। अब आप कहेंगे अजी कौनसे प्रकार के घोस्ट ? आजकल इस देश में बहुत से घोस्ट हैं। मसलन राजनेता, ठेकेदार, गैंगस्टर, महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा, आतंकवाद वगैरह वगैरह। अजी ! अनेक कैटेगरी हैं जी। कहाँ तक गिनाऊँ ? गिनाऊंगा तो लिस्ट बनानी पड़ेगी और आपको तो पता ही है कि लिस्ट बनाने में कागज बर्बाद होता है और कागज बनाने के चक्कर में धरती के पर्यावरण का क्या हाल हो रखा है। फिर भी, आपको बता ही देता हूँ, लिस्ट बनाने की जरूरत नहीं है। अजी ! भूतों की भी वैसे बहुत सी कैटेगिरी हैं लेकिन हम भूतों को सुविधा के लिए सिर्फ दो ही कैटेगरी में डिवाइड करते हैं। एक "ही भूत" तथा दूसरी कैटेगरी है "शी भूत"। इन दोनों में से भी हमें "शी भूत" ही पसंद आती हैं। "शी" भूत इसलिए कि इनकी कुछ खास विशेषताएं हैं, जो कि आपको किसी "ही भूत" में देखने को नहीं मिलती। जैसे कि "शी भूत" टाइम की बड़ी पाबंद होतीं हैं। इनसे ज्यादा टाइम पंक्चुअल आज तक मैंने धरती के किसी को भी नहीं देखा। ठीक बारह बजते ही इनका काम शुरू हो जाता है।टाइम के मामले में ये एक सैंकड भी आगे पीछे नहीं होतीं। रूस-यूक्रेन की मिसाइलें, तोप के गोलों की टाइमिंग बिगड़ सकती है लेकिन इनकी नहीं। ये पक्की अनुशासनप्रिय भूतनियां हैं और आपको तो पता है "आई लाइक पंकचुऐलिटी एंड डिसीप्लीन"। अजी ये भूतनियां टाइम के मामले में पोप सिलवेस्टर द्वितीय(घड़ी के आविष्कारक) को भी "फेल" करतीं हैं। उन्हीं की घड़ी से अपनी घड़ी मिलाती हैं और डराने के काम पर निकल पड़ती हैं। अब ठाले बैठे तो इन भूतनियों का पेट भरता नहीं है, लोगों को डराना पड़ता है जी। नहीं डरायेंगी तो इनका भूतनी धंधा मंदा पड़ सकता है। भूतलोक में भूतनियों की जीडीपी गिर सकती है। ऐसे में भूतलोक, भूतक्षेत्र का विकास कैसे होगा ? अजी ! वैसे भी न बेरोजगारी का युग है, दिहाड़ी मजदूरी तो करनी पड़ती है न। ढ़ाई साल से तो कोरोना ने जान ले रखी थी। सब के सब घरों में दुबके पड़े थे, कोई भी काफी समय से पुराने खंडहर, सुनसान हवेली, पुराने बरगद, पीपल के पेड़, चौराहे और शमशान गली की ओर नहीं निकला। कोरोना वैक्सीनेशन के बाद अब थोड़ा दिहाड़ी करने का मौका मिला है। अजी ! लोगों को डराने के लिए अब पूरी तैयारी के साथ निकलना पड़ता है। भूतनी होना आसान नहीं है। श्रंगार के लिए एकदम झकास व्हाइट साड़ी चाहिए। लगातार हंसने की प्रैक्टिस करनी पड़ती है। बालों को बिखेरना पड़ता है। विशेषकर सीढियों में चढ़ने की प्रैक्टिस करनी पड़ती है। बीच बीच में पैरों से छन-छन की आवाज आना भी जरूरी है। आवाज के लिए इतनी महंगाई में कहीं से चांदी वांदी की पायल भी मैनेज करनी पड़ती है। और आपको तो पता है चांदी में भी इन दिनों कम आग नहीं लग रही है।

# कुपोषण, खाद्य बर्बादी रोके बगैर खाद्य सुरक्षा असंभव

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

**खाद्य** सुरक्षा स्वास्थ्य का एक प्रमुख निर्धारक है। यह व्यक्ति और अंततः समाज के अस्तित्व, कल्याण, आजीविका और उत्पादकता को प्रभावित करता है। पर्याप्त सुरक्षित और पौष्टिक भोजन प्राप्त करना जीवन को बनाए रखने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की कुंजी है। खाद्य सुरक्षा यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि खाद्य श्रृंखला के उत्पादन से लेकर कटाई, प्रसंस्करण, भंडारण, वितरण और खपत तक हर चरण में भोजन सुरक्षित है। हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रसायनों वाले असुरक्षित भोजन से डायरिया से लेकर कैंसर तक 200 से अधिक बीमारियां हो सकती हैं। यह बीमारी और कुपोषण का एक दुष्चक्र भी बनाता है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों को प्रभावित करता है। संयुक्त राष्ट्र ने दूषित भोजन और पानी के स्वास्थ्य प्रभावों पर वैश्विक ध्यान आकर्षित करने के लिए 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के रूप में घोषित किया है। 2022 की थीम 'सुरक्षित भोजन, अच्छा स्वास्थ्य' है। दुनिया के अविकसित देशों की तरह भारत में भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्हें जीवित रहने के लिए पर्याप्त भोजन नहीं मिलता है। इतना ही नहीं, उन्हें जो भोजन मिलता है उसमें पोषक तत्वों की भी कमी होती है। इस खाद्य समस्या ने देश की बड़ी आबादी पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। आज भी बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक लोगों के भूख से मरने की खबरें आ रही हैं। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, भारत की लगभग 14.8 प्रतिशत आबादी कुपोषित है। प्यू रिसर्च सेंटर ने बताया था कि भारत में ऐसे लोगों की संख्या पिछले एक साल में तीव्र गति से बढ़ गई हैं जो 150 रुपये प्रति दिन (क्रय शक्ति के आधार पर आय) नहीं कमा सके। सालभर में ऐसे लोगों की संख्या में छह करोड़ की वृद्धि हुई है, जिससे कुल गरीबों की संख्या 13.4 करोड़ हो गई है। 1974 के बाद पहली बार देश में गरीब लोगों की संख्या बढ़ी है लेकिन 45 साल बाद भारत फिर से अत्यधिक गरीबी का देश बन गया है। नीति आयोग ने हाल ही में बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) जारी किया है जिसमें कहा गया है कि हर चार में से एक भारतीय बहुआयामी गरीब है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, खाद्य सुरक्षा, पोषण और खाद्य बचत का अटूट संबंध है। अनुमानित 600 मिलियन अर्थात दुनिया में 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन खाने से बीमार पड़ जाते हैं और हर साल 420,000 लोग जान गवाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप 33 मिलियन स्वस्थ जीवन वर्ष का नुकसान होता है। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के परिणामस्वरूप उत्पादकता और चिकित्सा व्यय में प्रत्येक वर्ष 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है 5 साल से कम उम्र के बच्चे खाद्य जनित बीमारी के बोझ का 40% वहन करते हैं, जिसमें हर साल 125,000 मौतें होती हैं। खाद्य जनित रोग स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों पर दबाव डालकर और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं, पर्यटन और व्यापार को नुकसान पहुंचाकर सामाजिक आर्थिक विकास में बाधा डालते हैं। 116 देशों के ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2021 में भारत 2020 के 94वें स्थान से फिसलकर अब 101वें स्थान पर आ गया है। भारत अपने अधिकांश पड़ोसियों से पीछे है। पाकिस्तान 92वें, नेपाल 77वें, बांग्लादेश 76वें और श्रीलंका 65 वें स्थान पर है। इंडेक्स के मुताबिक भारत से अधिक सिर्फ 15 देशों की हालत खराब है। 2014 की रैंकिंग में भारत 55 वें स्थान पर था। द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2019 के अनुसार, दशकों की लगातार गिरावट के बाद, 2015 से वैश्विक भूख लगातार बढ़ रही है। 2018 में, दुनिया भर में अनुमानित 821 मिलियन लोग भूख से पीड़ित थे। गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने वाली संस्था ऑक्सफैम के मुताबिक, दुनिया भर में हर मिनट भूख से 11 लोगों की मौत हो जाती है। पिछले एक साल में दुनिया भर में सूखे जैसे हालात छह गुना बढ़ गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में लगभग 155 मिलियन लोग गंभीर खाद्य असुरक्षा संकट का सामना कर रहे हैं, जो पिछले साल के आंकड़े से 20 मिलियन अधिक है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021 अनुसार, भारत में, घरेलू खाद्य अपशिष्ट प्रतिवर्ष 50 किलोग्राम या देशभर में प्रतिवर्ष कुल 68,760,163 टन होने का अनुमान है। यूएनईपी रिपोर्ट मुताबिक 2019 में अनुमानित 93.1 करोड़ टन खाना बर्बाद हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 में 690 मिलियन से अधिक लोग भूख से प्रभावित थे। हमारी एक और समस्या यह है कि देश अपनी कृषि उपज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, फलों और सब्जियों का 16% कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं की कमी के कारण हर साल खो देता है। भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में हर साल अनाज का ढेर सड़ता है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने खुलासा किया है कि पिछले पांच वर्षों में 38,000 मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न का नुकसान हुआ है। भारत ने वित्त वर्ष 2022 में अब तक 610.22 बिलियन का सामान आयात किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 54.71 प्रतिशत अधिक है। पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी असमय होने वाली मौतों में से 80 प्रतिशत दूषित भोजन और पानी के कारण होती हैं। भारत में खाद्य पदार्थों में मिलावट तो खेतों से ही शुरू हो जाती है जहां उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग किया जाता है। आज इतनी बड़ी मात्रा में गरीबी, मंहगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता के साथ सभी लोगों के लिए पौष्टिक भोजन प्राप्त करना मुश्किल हो गया है, खाद्य सुरक्षा तो दूर, गरीबों को स्वच्छ ऑक्सीजन या स्वच्छ पानी भी नहीं मिलता। बड़ी मुश्किल से दो रोटियों का इंतजाम करने में गरीब का जीवन खत्म हो जाता है, तो फिर भरपूर पौष्टिक आहार कहां से मिलेगा? शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कई पोषक तत्वों की जरूरत होती है, इनकी कमी से हम कई बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज ऐसे पोषक तत्व हैं जिनकी शरीर को सबसे अधिक आवश्यकता होती है। खाद्य सुरक्षा अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करती है। देश के विकास के लिए खाद्य सुरक्षा योजना और कार्यान्वयन का उचित संचालन आवश्यक है। खाद्य असुरक्षा समाज के हर तत्व को प्रभावित करती है, समाज में आर्थिक असंतुलन, कुपोषण, गरीबी, भुखमरी, बीमारी, मिलावटखोरी ये समस्याएं बढ़कर अन्य समस्याओं को जन्म देती हैं।

# बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा?

तनवीर जाफरी

**अपनी** पीठ थपथपाने में महारत रखने वाली सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा आये दिन किसी न किसी मंच के माध्यम से भारतवासियों को यह जताने की कोशिश की जाती है कि 2014 के बाद से ही भारत ने अपनी विकास यात्रा तय करनी शुरू की है। कुछ चाटुकार किस्म के सत्ता समर्थक तो यहाँ तक कह चुके कि देश को सही मायने में स्वतंत्रता ही 2014 के बाद मिली है। ऐसा कहने वाले बेशर्म लोग यह भी नहीं सोचते कि उनके इस प्रकार के सत्ता की खुशामद करने वाले बयानों से स्वतंत्रता संग्राम के लाखों शहीदों का कितना अपमान होता है। परन्तु 'विकास पथ पर ' कथित तौर पर आगे बढ़ने वाले उस वर्तमान भारत में जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को आये दिन जलील करने की कोशिश की जाती हो और उनके हत्यारे गोडसे को राष्ट्रभक्त बताया जाता हो, देश के उस पहले आतंकवादी गुणगान किया जाता हो व उसकी प्रतिमायें स्थापित की जाती हों,जहाँ प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा बनाये गये कई सरकारी संस्थानों को उन्हीं को गालियां दे देकर बेचा जा रहा हो वहाँ कुछ भी प्रचारित करना संभव है। जिन नेताओं को उनके दलों के लोग यशस्वी और पूजनीय कहते हुये नहीं थकते उन्हीं नेताओं की विदेशों में कितनी फजीहत होती यह 'भक्तों ' व 'चाटुकारों' को दिखाई नहीं देता। इन 'सावन के अंधों' को केवल यही नजर आता है कि यशस्वी 'डांकापति ' की लोकप्रियता के चलते पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। इन्हें न तो यह दिखाई दे रहा है कि कितनी विदेशी कम्पनियाँ भारत से बिदा हो चुकी हैं और हो रही हैं। इन्हें डॉलर की तुलना में रुपए की कीमत अभूतपूर्व तरीके से गिरने से कोई वास्ता नहीं, इनकी नजरों में बढ़ती बेरोजगारी और आसमान छूती मंहगाई कोई मायने नहीं रखती। अनेक बार यह भी देखा गया है कि तमाम प्रतिष्ठित विदेशी समाचार पत्र व पत्रिकायें अपने सम्पादकीय आलेख में इसी सरकार की कठोर शब्दों में आलोचना करती दिखाई दी हैं। विश्व प्रसिद्ध टाइम मैगजीन तो हमारे 'यशस्वी ' प्रधानमंत्री को 'डिवाइडर इन चीफ' की उपाधि देते हुये कवर स्टोरी के साथ पूरा आलेख प्रकाशित कर चुकी है। विदेश यात्राओं के दौरान कई बार इनके विरुद्ध छोटे बड़े अनेक प्रदर्शन होते रहे हैं। परन्तु हमारे देश का 'घुटना टेक ' मीडिया खासकर टी वी चैनल्स मीडिया छवि निर्माण अभियान में मस्त होकर केवल 'यशस्वियों का यशगान ' करने में लगे रहते हैं। कबीर दास को आदर्श महापुरुष व महान आलोचक मानने वाले हमारे देश का मीडिया सत्ता की निंदा करना तो दूर आलोचनाओं से भी डरता और कतराता है। वह कबीर दास के इस आदर्श दोहे को भूल जाता है जिसमें उन्होंने फरमाया था कि - निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय। अथार्त : जो हमारी निंदा करता है, उसे अपने अधिक से अधिक पास ही रखना चाहिए क्योंकि वह बिना साबुन और पानी के हमारी कमियां बताकर हमारे स्वभाव को साफ कर देता है। परन्तु आज की सत्ता निंदा करना तो दूर अपनी सही आलोचना भी पसंद नहीं करती। उसे केवल अपना 'यशगान ' करने वाले लोग व मीडिया चाहिये। परन्तु विदेशों में रहने वाले अनेक भारतीय व उनके समाजसेवी संगठन समय समय पर समाज विभाजक एजेंडा चलाने वाले ऐसे नेताओं का मुखर होकर विरोध करते रहते हैं। अभी पिछले दिनों भाजपा के युवा सांसद तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रमुख तेजस्वी सूर्या 31 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित होने वाले ऑस्ट्रेलिया-इंडिया यूथ डॉयलॉग के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। बताया जाता है कि 'ऑस्ट्रेलिया-इंडिया यूथ डॉयलॉग' भारत व आस्ट्रेलिया के युवाओं के मध्य संवाद बढ़ाने में सहायता करने वाला एक संगठन है जोकि हर दूसरे वर्ष भारत और ऑस्ट्रेलिया में एक सम्मेलन आयोजित करता है। इस सम्मेलन में दोनों देशों के शीर्ष प्रतिभावान पंद्रह पंद्रह चुनिंदा युवाओं को आमंत्रित किया जाता है जो दोनों देशों के युवाओं से परस्पर अपने विचारों को साझा करते हैं। भारत की तरफ से पंद्रह लोगों की सूची में युवा सांसद व भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध?क्ष तेजस्वी सूर्या का नाम प्रमुख है। तेजस्वी सूर्या को विगत 30 मई को सिडनी की स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कैंपस में एजुकेशन सेंटर ऑफ ऑस्ट्रेलिया (ईसीए) नमक संगठन के बैनर तले आयोजित एक कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करना था। परन्तु अनेक संगठन द्वारा सूर्या के विरुद्ध विरोध प्रदर्शनों के नोटिस के बाद आयोजकों ने इस कार्यक्रम को रद्द कर दिया। विरोध करने वालों का कहना है कि "एक फासीवादी सांसद का सरकारी एजेंसियों के खर्च और नाम पर ऑस्ट्रेलिया में बुलावा अस्वीकार्य है। विरोधकर्ताओं का कहना है कि तेजस्वी सूर्या, स्वयं को आरएसएस स्वयंसेवक के तौर पर पेश करते हैं।

# पहरा देने का अधिकार

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** दिन इंसानों ने मुर्गों से कहा - अब तुम्हारी बांग में पहली जैसी बात नहीं रही। तुम्हारी जगह हमने अलार्म रख लिया है। वह सही समय पर उठाता है। बिना कन्फ्यूजन के। तुम लोग कभी-कभी रात को ही बांग लगा देते हो। हमारी गहरी नींद तोड़ते तुम्हें शर्म नहीं आती? इस पर मुर्गों ने कहा झ्र अब प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि हम दिन और रात में फर्क करने में कन्फ्यूज हो रहे हैं। अपनी गलती का ठीकरा हमारे सर क्यों फोड़ते हैं? इस पर इंसानों ने कहा झ्र तुम्हारे यह सब बहाने सुनने के लिए हम यहाँ नहीं बैठे हैं। इसलिए जी के न सही मर के हमारे पेट में चिकेन-65, टंगड़ी कबाब, चिकेन रोल, चिकेन पकौड़ा, चिकेन बिरयानी, चिकेन पफ बन जाओ और हमारी भूख मिटाओ। इसी में तुम्हारी भलाई होगी। मुर्गा तो ठहरा जीव। वह इंसानों की तरह धूर्त थोड़े न है कि ऐन वक्त पर पल्टी मारेगा। उन्हें जान देना पसंद है लेकिन अपने उसूलों से पलटना बिल्कुल नहीं। उड़ते-उड़ते यह खबर गधों तक पहुँची। वे दौड़े-दौड़े इंसानों के पास पहुँचे। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि अब जबकि मुर्गे पेट की भूख मिटा रहे हैं तो क्यों न हमें सुबह-सुबह जगाने की ड्यूटी ही दे दें। इंसानों को लगा यह प्रस्ताव तो ठीक है, लेकिन तुम सड़क पर खड़े ढेंचु-ढेंचु करोगे तो हमें सुनाई कैसे देगा? गधों ने कहा झ्र आप हमें शहर के किसी सबसे ऊँची बिल्डिंग की छत पर चढ़ा दें। वहीं से हम ढेंचु-ढेंचु करके आप लोगों को जगा दिया करेंगे। इंसानों को यह प्रस्ताव अच्छा लगा। जैसे-तैसे उन्होंने गधों को शहर की सबसे ऊँची बिल्डिंग पर चढ़ा दिया। अब आए दिन ढेंचु-ढेंचु करने लगे। कुछ दिन तक सब कुछ ठीक-ठाक चला। अब इंसानों को कौन बताए कि गधे गिरगिट थोड़े न है, जो अपना रंग बदलेंगे। गधे तो गधे होते हैं। अब वे आए दिन समय-बेसमय ढेंचु-ढेंचु करने लगे। उन्हें बिल्डिंग की ऊँचाई से ढेंचु-ढेंचु करने में बड़ा मजा आने लगा।

## आपके आने से काफी फर्क पड़ता है, मैदान में हमारा समर्थन करें : छेत्री की प्रशंसकों से अपील

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने आठ जून से यहां शुरू होने वाले एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) एशियाई कप के दौरान प्रशंसकों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि उनकी मौजूदगी से 'काफी फर्क' पड़ता है। छेत्री ने चार साल पहले भी मुंबई में 'इंटर-कॉन्टिनेंटल कप' के दौरान प्रशंसकों से भावनात्मक अपील की थी। अगले दिन दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में भारतीय टीम ने कीनिया को 3-0 से करारी शिकस्त दी थी। एशियाई कप के क्वालीफायर के ग्रुप डी के मैच फुटबॉल की दिवानगी के लिए जाने जाने वाले कोलकाता में आयोजित होंगे। इस महीने की 12 तारीख को अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के 17 साल पूरे करने जा रहे छेत्री ने कहा कि 70,000 प्रशंसकों की क्षमता वाले साल्ट लेक स्टेडियम में उनकी मौजूदगी 'बड़ा अंतर' पैदा कर सकती हैं।

भारतीय फुटबॉल टीम के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए अपने संदेश में अग्रिम पंक्ति के इस दिग्गज ने कहा, '' मेरा मतलब है कि मैं वास्तव में आप लोगों से प्यार करता हूं। आपका साथ मिलने पर हम खुद को एक अलग स्तर पर महसूस करते है। भारतीय टीम आठ जून को कंबोडिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। इसके बाद टीम के सामने अफगानिस्तान (11 जून) और हांगकांग (14 जून) की चुनौती होगी। छेत्री ने कहा- जो तीन टीमें हमारे खिलाफ खेलने जा रही हैं, उन्हें हमारे साथ साथ, आप के खिलाफ भी खेलना होगा। आपकी मौजूदगी हमारे लिए काफी फर्क पैदा करेगी। अगर आपके पास समय है तो कृपया मैदान में आये। हम इसे आप लोगों के लिए एक अच्छा अनुभव बनाने की कोशिश करेंगे।

## नीदरलैंड के बॉलर्स पर बरसे काइल मेयर्स और शमरह ब्रूक्स, ठोके शतक

**एम्स्टेलवीन।** एम्स्टेलवीन की वीआरए क्रिकेट ग्राउंड में विंडीज बल्लेबाजों काइल मेयर्स और शमरह ब्रूक्स ने नीदरलैंड के बॉलर्स की तीसरे वनडे में खूब पिटाई करते हुए अपने-अपने शतक पूरे करने के साथ टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। पहले खेलने उतरी विंडीज को शाई होप के रूप में पहला झटका 12वें ओवर में लगा था। होप 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद काइल और ब्रूक्स ने 184 रनों की साझेदारी की। इस दौरान मेयर्स 106 गेंदों में आठ चौके और सात छक्कों की मदद से 120 रन बनाकर आऊट हुए। काइल के आऊट होने के बाद ब्रूक्स ने एक कोना संभाले रखा। उन्होंने 115 गेंदों में 3 चौके और 4 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए और टीम का स्कोर 308 रन तक ले गए। विंडीज कप्तान निकोल्स पूरण इस मैच में कुछ खास नहीं कर पाए। वह सात गेंदों में सिर्फ एक चौके की मदद से 7 रन ही बना पाए। ब्रैंडन किंग ने 10 तो अकील हॉसिन ने 3 रन बनाए। अंत में बोनर ने 16 गेंदों में 19 रन बनाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। बता दें कि विंडीज टीम तीन वनडे मैचों की सीरीज पहले ही जीत चुकी है। 31 मई को खेले गए पहले वनडे में नीदरलैंड ने पहले खेलते हुए 45 ओवरों में 240 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी विंडीज टीम ने संशोध्धित 249 रन का लक्ष्य 43.1 ओवर में हासिल कर लिया। विंडीज की ओर से शाई होप शतक लगाने में कामयाब रहे थे। इसके बाद दूसरे वनडे को विंडीज ने पांच विकेट से जीता था।




## मोहम्मद नबी की शानदार गेंदबाजी, अफगानिस्तान ने जिंबाब्वे को 60 रन से हराया

**हराने।** रहमत शाह के 94 रन और मोहम्मद नबी के चार विकेट की बदौलत अफगानिस्तान ने यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मेजबान जिंबाब्वे को 60 रन से हरा दिया। अफगानिस्तान ने 2014 से जिंबाब्वे के खिलाफ पांच एकदिवसीय श्रृंखलाएं खेली हैं और इसमें से एक भी उसने नहीं गंवाई। मेहमान टीम ने शनिवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में एक बार फिर खुद को प्रबल दावेदार साबित किया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 276 रन बनाए और फिर मेजबान टीम को 216 रन पर ढेर कर दिया। शाह और कप्तान हशमातुल्लाह शाहिदी ने सतर्क शुरुआत के बाद आकर्षक शॉट खेले। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 181 रन जोड़े और इस दौरान अर्धशतक भी जड़े। शाह ने 120 गेंद की अपनी पारी के दौरान तेज गेंदबाजों और स्पिनरों का अच्छी तरह सामना किया और इस दौरान सात चौके और तीन छक्के मारे। उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया।

# धनलक्ष्मी ने किया कमाल, हिमा दास को 100 के साथ-साथ 200 मीटर दौड़ में भी हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय धाविका धनलक्ष्मी सेकर ने तुर्की में एर्जुरम स्प्रिंट इंटरनेशनल कप में भारत की स्टार धाविका हिमा दास को 100 मीटर दौड़ में हरा दिया। धनलक्ष्मी ने पहला स्थान हासिल करने के लिए 11.26 सेकंड का समय लिया। व्यक्तिगत स्तर पर यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हिमा दास ने 11.59 सेकंड लिए। वो दूसरे स्थान पर रहीं। धनलक्ष्मी का प्रयास भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए निर्धारित मानक से बेहतर था। 200 मीटर में भी धनलक्ष्मी ने 23.26 सेकंड के समय के साथ जीत हासिल की। हिमा ने 23.51 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम तुर्की में ट्रेनिंग के साथ-साथ प्रतियोगिता के लिए भी गई थी। टीम अब चेन्नई में राष्ट्रीय अंतर-राज्य







चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए स्वदेश लौटेगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन 10 से 14 जून तक होगा। धनलक्ष्मी सेकर तमिलनाडु की रहने वाली हैं। 5 जून 1998 को उनका जन्म हुआ। धनलक्ष्मी ने बचपन में ही अपने पिता को खो दिया था। मां ने घर की पूरी जिम्मेदारी उठाई। धनलक्ष्मी की दो और बहनें हैं। धनलक्ष्मी तीनों बहनों में सबसे बड़ी हैं। उनका घर चलाने के लिए खेल को चुना। वो इसके सहारे सरकारी नौकरी लेना चाहती थीं। खो-खो में फेल होने के बाद 2017 में धनलक्ष्मी धाविका बनीं। उन्होंने 2020 ओलंपिक में भाग लिया था।

धनलक्ष्मी 2020 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में मिश्रित 4म400 मीटर स्पर्धा में भाग लेने के लिए क्वालीफाई करने में कामयाब हुई थीं, लेकिन उन्हें 4म400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में जगह नहीं मिली थी।

## वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्वितेक ने दूसरी बार जीता फ्रेंच ओपन, 18 साल की कोको गॉफ का सपना टूटा

**नई दिल्ली।** दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वितेक दूसरी बार फ्रेंच ओपन चैंपियन बन गई हैं। उन्होंने महिला एकल के फाइनल में अमेरिका की 18 वर्षीय कोको गॉफ को हराया। स्वितेक ने यह मुकाबला एक घंटे आठ मिनट में 6-1, 6-3 से अपने नाम कर लिया। स्वितेक इससे पहले 2020 में चैंपियन बनी थीं।

स्वितेक ने सेमीफाइनल में रूस की दारिया कासात्किना को हराया। स्वितेक इस मुकाबले को 6-2, 6-1 से अपने नाम करने में सफल रहीं। उन्होंने कोको गॉफ को फाइनल में हराकर एक विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। स्वितेक ने अपने करियर की लगातार 35वीं जीत हासिल की और महिलाओं में लगातार 35 मैच जीतने के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स साल 2000 में लगातार 35 मैच जीती थीं।

स्वितेक पोलैंड के लिए फ्रेंच ओपन जीतने वाली इकलौती खिलाड़ी हैं। उनके अलावा अब तक पोलैंड के किसी पुरुष या महिला खिलाड़ी ने एकल वर्ग में खिताब नहीं जीता है। स्वितेक दो फ्रेंच ओपन जीतने वाली 11वीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इस मामले में उन्होंने रूस की मारिया शारापोवा और अमेरिका की मार्टिना नवरातिलोवा की बराबरी कर ली। सबसे ज्यादा फ्रेंच ओपन




जीतने वाली महिला खिलाड़ी अमेरिका की क्रिस एवर्ट हैं। एवर्ट 1974, 1975, 1979, 1980, 1983, 1985 और 1986 में जीती थीं।

**हार के बाद रोने लगीं कोको गॉफ**

कोको गॉफ की बात करें तो वो पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं। उन्हें हार का सामना करना पड़ा। स्वितेक के जीतते ही गॉफ रोने लगीं। काफी देर तक रोने के बाद वो शांत हुईं। कोको ऑस्ट्रेलियन ओपन और विम्बलडन ओपन के चौथे राउंड तक पहुंच चुकी हैं। 2019 (विम्बलडन) में पहली बार वो किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में पहुंची थीं। उनका तीन साल का लंबा इंतजार फ्रेंच ओपन में खत्म हुआ। इस बार फाइनल में तो पहुंचीं, लेकिन जीत नहीं हासिल कर सकी। उन्हें अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए इंतजार करना होगा।

## झारखंड और हरियाणा ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट, कबड्डी में भी हरियाणा का विजय अभियान

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पंजाब यूनिवर्सिटी के खेल मैदान पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हुआ। पहले दिन लड़कियों के दो मुकाबले खेले गए। इनमें हरियाणा और झारखंड ने जीत दर्ज की।




पहला मुकाबला झारखंड और मणिपुर के बीच खेला गया। इसे झारखंड ने 3-0 से जीत लिया। मैच के पहले हॉफ तक विजेता टीम 2-0 से आगे रही। दूसरे हॉफ में भी टीम ने अपना आक्रामक रुख जारी रखा। मैच के 55वें मिनट में झारखंड की खिलाड़ी ने गोल दागकर जीत टीम की झोली में डाल दिया। इस बीच मणिपुर के खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर पाए। दिन का दूसरा मुकाबला हरियाणा और गुजरात के बीच खेला गया। मैच को हरियाणा ने 2-0 से जीत लिया।

**मैच के दौरान गुजरात की खिलाड़ी चोटिल**

इसी बीच मैच के पहले हॉफ में सुबह 9.40 बजे गुजरात की खिलाड़ी कम्मू फुटबॉल को नियंत्रित करने के चक्कर में चोटिल हो गईं। उनके कान के नीचे गंभीर चोट लगी। वह मैदान पर ही गिर पड़ीं। स्टाफ की ओर से उसे स्ट्रेचर से एंबुलेंस तक ले जाया गया। इसके बाद उसे सेक्टर-16 अस्पताल ले जाया गया।

**कबड्डी में हरियाणा ने तमिलनाडु और हिमाचल को हराया**

उधर, पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में खेलो इंडिया गेम्स के दूसरे दिन भी हरियाणा की कबड्डी टीमों का विजय अभियान जारी रहा। पुरुष वर्ग में कबड्डी टीम ने हिमाचल प्रदेश को और महिला वर्ग में तमिलनाडु की टीम को हराया। दिनभर विभिन्न खेलों के रोमांचक मुकाबले हुए। वॉलीबाल के पुरुष वर्ग में राजस्थान ने छत्तीसगढ़ को 3-0 से हराया।

## हॉकी-5एस में भारतीय पुरुष टीम ने स्विट्ज़रलैंड को 4-3 से हराया, महिला टीम की हार

**नई दिल्ली।** पुरुष टीम के खिलाड़ी मोहम्मद राहिल ने पहले मिनट में गोल दागकर बढ़त दिलाई। इसके भारत के मंदीप ने चौथे मिनट में हॉफ लाइन से तेज शॉट लगाया, लेकिन स्विट्ज़रलैंड के गोलकीपर ने इसे सुरक्षित कर लिया। इसके अगले मिनट में भारत को फ्री हिट मिली और उसे गोल करने में कोई चूक नहीं की। इसके बाद स्विट्ज़रलैंड ने छठे मिनट में पलटवार करते हुए टीम के लिए पहला गोल किया। पहला हॉफ खत्म होने से कुछ सेकंड पहले (10वें मिनट) मोहम्मद राहिल ने बाएं कॉर्नर से अपना दूसरा गोलकर करके भारत की बढ़त 3-1 कर दी।

दूसरे हाफ के 11वें मिनट में स्विट्ज़रलैंड के खिलाड़ी ने तेजी दिखाई और टीम के लिए दूसरा गोल दागकर स्कोर 3-2 किया। इसके बाद 16वें मिनट में पैट्रिक ने रिवर्स फ्लिक करके स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। मैच




खत्म होने के दो मिनट पहले गुरिंदर (19वें मिनट) ने दाएं तरफ से स्विस गोलची को चमका देकर निर्णायक गोल दाग दिया। हालांकि, आखिरी मिनट में स्विट्ज़रलैंड ने हमला किया, लेकिन गोलकीपर पवन ने शानदार बचाव करके टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। दूसरी ओर, भारतीय महिला टीम की पहली भिड़ंत उरुग्वे से हुई। मैच के पहले मिनट में अजमिना ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। उरुग्वे ने भी दूसरे मिनट में पलटवार करके स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। मैच के छठे मिनट में उरुग्वे की स्ट्राइकर ने भारतीय गोलकीपर रजनी को छकाते हुए दूसरा गोल करेक बढ़त दिला दी। हालांकि, अगले ही मिनट में अजमिना ने पलटवार करते हुए स्कोर 2-2 से बराबरी पर ला दिया।

पहले हाफ के खत्म होने के आखिरी मिनट में उरुग्वे की कप्तान वियाना ने गोल दागकर बढ़त ले ली। दूसरे हाफ में दोनों टीमों कुछ मौके मिले, लेकिन कोई भी गोल में तब्दील नहीं कर सका। 18वें मिनट में जूनियस विश्व कप की स्टार खिलाड़ी मुमताज खान ने गोल दागकर स्कोर 3-3 कर दिया। 19वें मिनट में उरुग्वे की कप्तान वियना ने फिर से हमला बोला और स्कोर 4-3 कर दिया। इसके बाद भारतीय टीम बैकफुट पर आ गई।

## नेशन्स लीग : हंगरी ने इंग्लैंड को हराया, इटली और जर्मनी का मैच ड्रॉ

**रोम ।** इंग्लैंड को हंगरी के खिलाफ छह दशक में पहली शिकस्त का सामना करना पड़ा जब नेशन्स लीग फुटबॉल के ग्रुप सी मुकाबले में टीम शनिवार को यहां 0-1 से हार गई। रीस जेम्स के फाउल के बाद हंगरी को दूसरे हाफ के 66वें मिनट में पेनल्टी मिली जिसे डोमीनिक सोबोसलाई ने गोल में बदलकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। जेम्स ने सोबोसलाई के खिलाफ ही फाउल किया था। हंगरी ने पिछली बार इंग्लैंड को 1962 विश्व कप के दौरान हराया था। इसके बाद इंग्लैंड की टीम हंगरी के खिलाफ 15 मैच से अजेय थी लेकिन शनिवार को यह क्रम टूट गया। पेनल्टी शूट आउट में मिली शिकस्त को छोड़ दिया जाए तो इंग्लैंड की पिछले 23 मैच में यह पहली हार है। इसी ग्रुप के एक अन्य मैच में जर्मनी और इटली ने 1-1 से मुकाबला ड्रॉ खेला। इस मुकाबले में लोरेंजो पेलेग्रिनी और जोशुआ किमिच ने तीन मिनट के भीतर गोल दागे। लोरेंजो ने 70वें मिनट में इटली को बढ़त दिलाई लेकिन तीन मिनट बाद जोशुआ ने स्कोर 1-1 कर दिया जिसके बाद दोनों में से कोई भी टीम विजयी गोल नहीं दाग सकीं।

# पॉप स्टार शकीरा को मिला था धोखा, 12 साल बाद फुटबॉलर पीके के साथ रिश्ते का किया अंत

**नई दिल्ली।** कोलंबिया की पॉप स्टार गायिका शकीरा और उनके पार्टनर स्पेन के दिग्गज फुटबॉलर जेरार्ड पीके अलग हो गए हैं। इनके 12 साल के रिश्ते का अंत हो गया है। शनिवार को दोनों आधिकारिक तौर पर अलग हो गए। 45 साल की शकीरा ग्लोबल म्यूजिक इंडस्ट्री की चर्चित नाम हैं। 'हिप्स डोन्ट लाई' और 'वाका-वाका' उनके चर्चित गाने हैं।

**शकीरा और पीके - फोटो = सोशल मीडिया**

दोनों एक संयुक्त बयान में कहा- हमें यह बताते हुए दुख हो रहा है कि हम अलग हो रहे हैं। यह फैसला हमने हमारे बच्चों के लिए लिया है। वह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। हम चाहते हैं कि हमारी प्राइवेसी का सम्मान किया जाना चाहिए। दरअसल, शकीरा ने पीके पर किसी और महिला के साथ रिलेशनशिप में रहने और उन्हें धोखा देने का आरोप लगाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीके किसी और महिला के साथ अफेयर में हैं। इसके बाद इस कपल ने अलग होने का फैसला लिया था। शकीरा और पीके हॉलीवुड के सबसे चहेते कपल में से एक माने जाते थे। दोनों दक्षिण अफ्रीका में 2010 में विश्व



कप के बाद से रिलेशनशिप में आए थे। तब फुटबॉल वर्ल्ड कप के थीम सॉन्ग 'वाका-वाका' में दोनों साथ भी नजर आए थे। 35 साल के पीके स्पेन के अलावा दिग्गज क्लब बार्सिलोना से भी खेलते हैं। पीके ने स्पेन से खेलते हुए 2010 विश्व कप और 2012 यूरोपीय चैंपियनशिप जीती थी। इसके अलावा वह क्लब बार्सिलोना के साथ तीन बार चैंपियंस लीग का खिताब भी जीत चुके हैं। पीके और शकीरा ने शादी नहीं की और दोनों की उम्र के बीच 10 साल का फर्क भी है।

पीके शकीरा से 10 साल छोटे हैं। इन दोनों के दो बच्चे (शाशा पीके मेबारक और मिलान पीके मेबारक) भी हैं। पीके फिलहाल शकीरा से अलग बार्सिलोना के केल मुन्टानेर में अकेले रह रहे हैं। स्पैनिश अखबार अल पीरियोडिको की रिपोर्ट के मुताबिक पीके के पड़ोसियों ने उन्हें कई बार एक घर में आते-जाते देखा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि शकीरा ने स्पैनिश फुटबॉलर को किसी और महिला के साथ अफेयर में रंगे हाथों पकड़ा।

पीके फिलहाल अपनी एक महिला मित्र के साथ लाइफ का काफी एंजॉय भी कर रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि उस महिला का पीके के घर में काफी आना जाना है और वह पीके के साथ रह भी रही हैं।

पिछले काफी समय से पीके क्लब के मुख्य डिफेंडर्स की लिस्ट से बाहर हो चुके हैं। उन्हें शुरुआती प्लेइंग-11 में भी जगह नहीं दी जाती है। क्लब के मैनेजर जावी हर्नांडीज ला लीगा में पीके की जगह रोनाल्ड अराउजो और एरिक गार्सिया को मौका दे रहे हैं। पीके ने 2021-21 में सभी तरह के कॉम्पिटीशन को मिलाकर बार्सिलोना के लिए 41 मैच खेले थे। फिलहाल कोच जावी चेल्सी के शानदार डिफेंडर्स में से एक आंद्रियास क्रिश्चियनसन क क्लब में लाने पर विचार कर रहे हैं।

## भारत के एशियाई कप क्वालिफाइंग फुटबॉल मैच के टिकट 10 मिनट में बिके, विवाद के बाद एआईएफएफ ने जारी किए अधिक टिकट

**नई दिल्ली।** सॉल्ट लेक स्टेडियम में आठ जून को होने वाले भारत-कंबोडिया के बीच एशियाई कप क्वालिफाइंग राउंड के मैच के टिकट 10 मिनट में खत्म हो गए। बाद में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को (एआईएफएफ) को अधिक टिकट जारी करने पड़े। इस क्वालिफायर मैच के लिए 12 हजार टिकट जारी किए गए थे, जिसके बाद भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री ने राज्य सरकार अथारिटी से और लोगों को अनुमति देने का आग्रह किया था।

एआईएफएफ ने सभी टिकट कॉम्प्लीमेंट्री कर दिए थे और राज्य सरकार ने 70 हजार दर्शकों की क्षमता वाले सॉल्ट लेक स्टेडियम में सिर्फ 12 हजार टिकट की अनुमति दी थी ताकि कानून व्यवस्था की समस्या से बचा जा सके। इस छेत्री ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी टीम को महसूस होना चाहिए कि स्टेडियम में दर्शक हैं। यदि स्टेडियम में 90 हजार की क्षमता है और दर्शक 10 से 15 हजार ही रहेंगे तो घरेलू परिस्थिति




का क्या फायदा मिलेगा।

**प्रतिक्रिया के बाद की बैठक**

छेत्री की प्रतिक्रिया के बाद राज्य सरकार और एआईएफएफ के बीच सुबह बैठक हुई, जिसमें तय किया गया कि जितनी मांग हो, उतना स्टेडियम खोला जाएगा। इस दौरान बैठक के सदस्य ने कहा कि जिसने भी 12 हजार संख्या बताई है, वह गलत है। पश्चिम बंगाल सरकार ने कोई भी प्रतिबंध नहीं लगाया। यह स्टेडियम सभी के लिए खुला है। हालांकि, एआईएफएफ ने लोगों की रुचि को देखते हुए 20 हजार ही टिकट जारी करने का फैसला किया है। प्रत्येक टिकट की कीमत पांच रुपये है और यह कॉम्प्लीमेंट्री है। इसके नुकसान का वहन एआईएफएफ को उठाना पड़ेगा।

# ओलिम्पिक पदक चूकने का मलाल विश्व कप में दूर करने उतरेंगे : सविता देवी

**नई दिल्ली।** ओलिम्पिक में इतने करीब पहुंचकर पदक चूकने का मलाल आज भी हमें कचोटता है और हर पल अहसास दिलाता है कि देश के लिए पदक जीतने का हमारा मिशन अभी अधूरा है और उससे पहले हमें चैन नहीं लेना है लिहाजा विश्व कप में हम एक बार फिर जान लगा देंगे, यह कहना है भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता का। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल टोक्यो ओलिम्पिक में चौथे स्थान पर रहकर इतिहास रच दिया था जबकि पुरुष टीम ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता। अब भारतीय महिला टीम एक जुलाई से नीदरलैंड और स्पेन में विश्व कप में खेलेगी जबकि उससे पहले एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और अमेरिका का सामना करना है। टोक्यो ओलिम्पिक में भारत के बेहतरीन प्रदर्शन के सूत्रधारों में से एक रही गोलकीपर सविता ने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा- टोक्यो में हमारे प्रदर्शन के बाद सभी ने कहा कि हमने दिल जीता लेकिन पदक तो पदक ही होता है और उसे नहीं जीत पाने की कमी कचोटती है। इतने पास आकर पदक चूकने का मलाल हमसे बेहतर कौन समझ सकता है। रियो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्रिटेन से कांस्य पदक का मुकाबला 3-4 से हारने के बाद भारतीय महिला टीम के आंसू नहीं थम रहे थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर उन्हें ढांढस भी बंधाया। सविता ने उस पल को याद करके कहा कि प्रधानमंत्री से फोन पर बात करते समय हमारे आंसू नहीं रूक रहे थे और आज भी लगता है कि प्रदर्शन कितना भी अच्छा हो लेकिन पदक तो हमारे पास नहीं है ना।

## टीटीपी- पाकिस्तानी कबायली नेताओं के बीच हुआ लंबा संघर्ष विराम समझौता

**पेशावर।** प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर स्थित पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कबायली नेताओं के बीच तीन महीने का संघर्ष विराम समझौता हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान में तालिबान सरकार द्वारा समर्थित यह समझौता प्रतिबंधित टीटीपी और 53 सदस्यीय जिरगा (परिषद) के बीच पहले दौर की वार्ता के दौरान



किया गया था। यह वार्ता काबुल में संपन्न हुई थी।

TTP जिसे पाकिस्तान तालिबान के रूप में भी जाना जाता है, अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर सक्रिय विभिन्न इस्लामी आतंकवादी समूहों का एक संगठन है। जिरगा के एक सदस्य ने काबुल से लौटने पर यहां स्थानीय मीडिया को बताया कि वार्ता के दौरान दोनों पक्ष तीन महीने के संघर्ष विराम समझौते को लागू करने और वार्ता प्रक्रिया को जारी रखने पर सहमत हुए। टीटीपी के प्रतिनिधि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कबायली क्षेत्रों के बसे हुए हिस्सों में विलय को समाप्त करने की अपनी मांग पर अड़े रहे।उन्होंने संगठन के सदस्यों को अफगानिस्तान से पाकिस्तान वापस भेजने की भी मांग की। हालांकि, बातचीत के दौरान उनकी वापसी पर कोई निष्कर्ष नहीं निकला। जिरगा के सदस्य ने कहा कि इस मुद्दे पर पाकिस्तान सरकार और सुरक्षा एजेंसियां समय आने पर विचार-विमर्श करेंगी। इस बीच, सूचना और प्रसारण मंत्री मरियम औरंगजेब ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने कबायली जिरगा और टीटीपी के बीच चल रही बातचीत के तहत संघर्ष विराम का स्वागत किया, जो अक्टूबर 2021 में शुरू हुई थी।

## अंतरिक्ष में खुद का स्पेस स्टेशन बना रहा है चीन, निर्माण कार्य पूरा करने के लिए रवाना हुए तीन अंतरिक्ष यात्री

**बीजिंग।** अंतरिक्ष में खुद का स्पेस स्टेशन स्थापित करने के लिए चीन जी-जान से मेहनत कर रहा है। निर्माण कार्य पूरा करने के लिए एक के बाद एक अंतरिक्ष यात्री को भेजा जा रहा है। इसी क्रम में चीन ने आज तीन अंतरिक्ष यात्रियों को मिशन पर भेज दिया है। यह मिशन करीब छह महीने तक चलेगा। तीनों यात्री चीनी स्पेस स्टेशन तियांगोंग का निर्माण कार्य पूरा करेंगे।

जानकारी के मुताबिक, अंतरिक्ष यात्री चेन डोंग, लियू यांग और कै जुझे शेनझोउ-14 अंतरिक्ष यान के जरिए स्पेस में भेजे गए हैं। यह दल पृथ्वी का चक्कर लगा रहे चीन के अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा करेगा। शेनझोउ-14 अंतरिक्षयान को उत्तर पश्चिमी चीन के जिकुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से लॉन्ग मार्च-2एफ रॉकेट के जरिये अंतरिक्ष में भेजा गया।

**नेशनल स्पेस लैबोरेटरी की जाएगी स्थापित**

चीनी अंतरिक्ष एजेंसी, सीएमएसए के डिप्टी डायरेक्टर लिन शिक्रियांग ने बताया कि मिशन के जरिए स्पेश स्टेशन को नेशनल स्पेस लैबोरेटरी बनाया जाएगा। लिन ने बताया कि शेनझोउ-14 का क्रू ग्राउंड टीम के साथ मिलकर काम करेगा। टीम कोर मॉड्यूल के साथ दो लैब मॉड्यूल के डॉकिंग और ट्रांसपोजिशन को पूरा करने का काम करेगी। वे पहली बार दो लैब मॉड्यूल में प्रवेश करेंगे और पर्यावरण को रहने के लिए उपयुक्त बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि वे दो मॉड्यूल में एक दर्जन से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग कैबिनेट खोलेंगे और उन्हें स्थापित करेंगे।

## पाकिस्तान में पट्रोल हुआ इतना मंहगा, एयरपोर्ट कर्मचारी ने गधे पर ऑफिस आने की मांगी अनुमति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पेट्रोल के बढ़ते दाम देश की जनता के लिए जी का जंजाल बने हुए हैं। शहबाज सरकार के सामने अब वही मुद्दे चुनौती बनकर खड़े हैं जिस कारण इमरान को कुर्सी गंवानी पड़ी। पिछले दिनों शहबाज सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 30 रुपए का इजाफा किया जो लोगों के लिए एक बड़ा झटका है। बढ़ते दामों के खिलाफ विरोध जताते हुए इस्लामाबाद एयरपोर्ट के एक कर्मचारी ने सिविल एविएशन अथॉरिटी के सामने अजीबोगरीब मांग रख दी है। कर्मचारी की मांग है कि उसे गधे पर सवार होकर ऑफिस आने की अनुमति दी जाए।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार डीजी सीएए को लिखे अपने पत्र में आसिफ इकबाल ने कहा कि पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के चलते यह संभव नहीं है कि वह अपने साधन से ऑफिस आ सके। इसलिए उसने एक गधा गाड़ी को ऑफिस लाने की अनुमति मांगी है।

# बांग्लादेश में कंटेनर डिपो में भीषण आग: 33 लोगों की मौत, 450 से ज्यादा लोग घायल

**ढ़ाका।** दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश में एक निजी कंटेनर डिपो में विस्फोट हुआ, जिससे यहां भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गई और 450 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 'ढाका ट्रिब्यून' के मुताबिक, चाटोग्राम के क्क्रू कंटेनर डिपो में शनिवार रात आग लग गई। -द डेली स्टार' के मुताबिक, आग पर काबू पाने के लिए सेना को घटनास्थल पर भेजा गया है।

**दमकल कर्मियों की भी हुई मौत**

बांग्लादेश फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के एक अधिकारी ने कहा- आग इतनी जबर्दस्त है कि इसे बुझाने के दौरान दमकल विभाग के 5 कर्मियों की भी मौत हो गई है। मृतकों में से एक की




पहचान कुमीरा स्टेशन अधिकारी (नर्सिंग सहायक) मोनिरुज्जमां के रूप में हुई है। 15 दमकल कर्मी घायल हुए हैं। वहीं, 2 कर्मी लापता हैं।

चाटोग्राम में हेल्थ एंड सर्विस डिपार्टमेंट के चीफ के प्रमुख इस्ताकुल इस्लाम ने बताया कि कम से कम 350 लोग चाटोग्राम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हैं।

**डिपो में रखे केमिकल्स हो सकते हैं आग की वजह**



मौके पर पहुंचे पुलिस ऑफिसर नुरुल आलम ने कहा- घटना कि जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियों को रवाना किया गया। अब तक 33 लोगों के शवों को बाहर निकाला जा चुका है। प्राइमरी इन्वेस्टिगेशन से लगता की आग डिपो में रखे केमिकल्स की वजह से लगी है।

**घटनास्थल पर 16 एंबुलेंस भी मौजूद**

उन्होंने कहा- पहले एक कंटेनर में आग लगने की सूचना मिली थी। फिर वहां एक धमका हुआ जिससे आग फैल गई। फिलहाल दमकल की 19 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। मौके पर 16 एंबुलेंस भी मौजूद हैं।

**मरने वाले 7 लोगों की हुई पहचान**

'द डेली स्टार' के मुताबिक, मरने वाले लोगों में से 7 की पहचान हुई है। इनमें मोहम्मद मोनिरुज्जमां (32), मोमिनुल हक (24), मोहिउद्दीन (26), हबीबुर रहमान (26), रबीउल आलम (19), शुमोन (28), और नोयोन (20) शामिल हैं।

# पाकिस्तान में इमरान की हत्या की अफवाह

### इस्लामाबाद में हाई अलर्ट, पब्लिक मीटिंग बैन; खान के घर सिक्योरिटी रातोंरात बढ़ाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जारी सियासी घमासान के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की अफवाह से माहौल गर्मा गया है। इस खबर के फैलते ही इस्लामाबाद पुलिस डिपार्टमेंट हाई अलर्ट पर आ गया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इस्लामाबाद में धारा 144 पहले ही लागू कर दी गई है और पब्लिक मीटिंग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

इस्लामाबाद में स्थित इमरान खान के आलीशान घर बनी गाला की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने कहा कि सिक्योरिटी फोर्सेज ने बानी गाला में विशेष सुरक्षा तैनात की है। हालांकि, अभी यहां पर कौन कौन लोग मौजूद हैं पुलिस को इस बारे में जानकारी नहीं दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के मुताबिक, इलाके में कर्फ्यू लागू कर दिया गया है।

**इमरान खान को कुछ हुआ इसे पाकिस्तान पर हमला मानेंगे**

इस्लामाबाद पुलिस का कहना



है कि वो इमरान खान को पूरी सुरक्षा मुहैया काराएंगे और उनकी टीम से भी मदद की उम्मीद रखते हैं। वहीं दूसरी तरफ इमरान खान के भतीजे हसन नियाजी का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री को कुछ भी होता है तो इसे पाकिस्तान पर हमला माना जाएगा। हम इसका इस आक्रामक तरीके से जवाब देंगे कि जो लोग इसके पीछे हैं उन्हें पछतावा होगा।

**इमरान और उनके मंत्री भी जता चुके हैं हत्या की आशंका**

इमरान सरकार में मंत्री रहे फवाद चौधरी ने बताया था कि खान रविवार को इस्लामाबाद आ रहे हैं। चौधरी ने अप्रैल में भी कहा था कि देश की सिक्योरिटी एजेंसी ने इमरान खान की हत्या की साजिश के बारे में बताया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता फैसल वावड़ा ने भी कुछ इसी तरह के दावे किए थे कि 'देश को बेचने' से इनकार करने पर पाकिस्तानी पीएम की हत्या के लिए एक साजिश रची गई थी।

कुछ दिन पहले इमरान खान ने अपनी हत्या की आशंका जताई थी। खान ने कहा था- मेरी जिंदगी खतरे में है। पाकिस्तान के अंदर और बाहर कुछ लोग हैं, जो मुझे मारना चाहते हैं। मैं उन सभी लोगों को जानता हूं। मैंने एक वीडियो रिकॉर्ड करके एक महफूज जगह रख दिया है। अगर मैं मारा गया तो यह वीडियो इन सभी लोगों के नाम बता देगा।

**पहले भी बता चुके जान का खतरा**

इमरान खान पहले भी कई बार ये कह चुके हैं कि उनकी जान को खतरा है। सत्ता से बेदखल होने से पहले उन्होंने कहा था कि उनके पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि उनका जीवन खतरे में है।

## अमेरिका के वर्जीनिया में पार्टी के दौरान गोलीबारी, एक की मौत व सात घायल

**न्यूयार्क:** मध्य वर्जीनिया में एक पार्टी के दौरान गोलीबारी में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। चेस्टरफील्ड काउंटी के पुलिस मेजर ब्रैड बैजरो ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चेस्टर में झगड़े की दो अलग-अलग घटनाओं की सूचना मिली। इससे कुछ देर पहले पुलिस को देर रात गोलीबारी के बारे में फोन पर सूचना मिली थी। हालांकि, यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ कि घटना में कई लोगों ने गोली चलाई या सिर्फ एक व्यक्ति ने, वहां चार अलग-अलग बंदूकों की 50 से अधिक गोलियां बरामद हुईं।

विभाग ने कहा कि जब अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने पीटर्सबर्ग के 20 वर्षीय ताबोरी जे कार्टर को घायल अवस्था में देखा,कुछ देर बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस के आने से पहले ही घटना में घायल हुए पांच अन्य लोग घटनास्थल से निकल चुके थे। बताया जाता है कि वे मामूली रूप से घायल थे। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से भागे दो अन्य लोग एक वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए। घायलों की उम्र 16 से 21 साल के बीच थी और वे चेस्टरफील्ड या आसपास के इलाकों के थे। बैजरो ने कहा कि पार्टी में लगभग 50 से 100 लोग शामिल हुए थे। जांच जारी है। शनिवार दोपहर तक कोई गिरफ्तारी या संदिग्ध के बारे में सूचना जारी नहीं की गई। पार्टी चेस्टर के एक रिहायशी इलाके में हुई, जो रिचमंड से लगभग 24 किलोमीटर दक्षिण में है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की सुरक्षा में बड़ी चूक, नो फ्लाई जोन में घुसा विमान

**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को शनिवार को डेलावेयर के रेहोबोथ बीच में एक सुरक्षित घर में ले जाया गया, जब एक निजी विमान ने छोटे समुद्र तटीय शहर में उनके अवकाश गृह के ऊपर हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। चश्मदीदों ने दोपहर 12:45 बजे के



आसपास बाइडेन के पड़ोस में एक छोटे से सफेद विमान को उड़ते हुए देखा, जो कि एफएए हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों का उल्लंघन है। इस घटना के कुछ मिनट बाद, दो सैन्य विमान शहर के ऊपर उड़ान भरी। राष्ट्रपति बाइडेन के काफिले को उनके घर से दूर एक दमकल केंद्र ले जाया गया, जहां राष्ट्रपति और प्रथम महिला को लेकर एक एसयूवी इमारत के अंदर चली गई और सीक्रेट सर्विस ने इलाके को खाली करना शुरू कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि संभावित खतरे का आकलन करने के बाद रेहोबोथ एवेन्यू पर यातायात 20 मिनट से अधिक समय तक बंद रहा। बाद में बाइडेन और उनकी पत्नी को उनके घर पहुंचाया गया। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी ने कहा,'घुसपैठिए वाले विमान को तुरंत प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया।'

# अमेरिका की चेतावनी के बाद भी अड़ियल किम जोंग नहीं आए हरकतों से बाज, एक साथ दागीं आठ बैलिस्टिक मिसाइलें

**उत्त कोरिया।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन अपनी हरकतों को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। अमेरिका और अपने पड़ोसी मुल्क दक्षिण कोरिया की चेतावनी के बावजूद किम आए दिन मिसाइल परीक्षण कर रहे हैं। अब खबर है कि उत्तर कोरिया ने रविवार सुबह एक अज्ञात बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। मिसाइल लॉन्च की जानकारी दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के हवाले से आई है। वहीं जापान की क्योदो समाचार एजेंसी का कहना है कि उत्तर कोरिया ने एक के बाद एक करके आठ बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। यह दावा एक सरकारी सूत्र के हवाले से किया गया है। इससे पहले उत्तर कोरिया अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण भी कर चुका है।

उत्तर कोरिया की ओर से यह मिसाइल परीक्षण ऐसे समय में किया गया है, जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया से उसका विवाद बढ़ता ही जा रहा है। जानकारी के तहत एक दिन पहले यानी शुक्रवार को ही अमेरिकी प्रतिनिधि दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल



पहुंचे थे। ऐसे में हालिया घटनाक्रम इस तनाव को और बढ़ा सकता है।

अमेरिका ने हाल ही में उत्तर कोरियाई मिसाइल परीक्षण कार्यक्रम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उत्तर कोरिया की कंपनी तथा एक शख्स पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह कार्रवाई इन पर उत्तर कोरिया के परमाणु परीक्षण का समर्थन करने पर की गई थी। इसके बाद अमेरिक उत्तर कोरिया को चेताया कि अगर किम जोंग उन अपनी हरकतों से बाज नहीं आते तो ऐसे प्रतिबंध और लगाए जा सकते हैं।

पिछले दिनों उत्तर कोरिया द्वारा जिस अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया गय था, वह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद किम जोंग इस मिसाइल का परीक्षण कर रहे हैं। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र ने उत्तर कोरिया पर बैलिस्टिक और परमाणु हथियारों के परीक्षण पर रोक लगा रखी है। इसके उल्लंघन के बाद यूएन ने और भी सख्त प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बातचीत के बाद लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों और परमाणु परीक्षणों के परीक्षण पर रोक लगा दी थी, लेकिन 2020 में किम पलट गए थे। उन्होंने एलान कर दिया था कि वह इससे बंधे नहीं हैं।

# बांग्लादेश में आग लगने से 18 लोगों की मौत, 450 जख्मी

**ढाका।** दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश में चटगांव के सीताकुंडू में एक अंतदेर्शीय निजी कंटेनर डिपो में भीषण आग लग गई। आग लगने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मृतकों में एक दमकलकर्मी भी शामिल है। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। इस हादसे में पुलिस और दमकलकर्मियों सहित लगभग 450 लोग जख्मी हुए हैं। घायलों को विभिन्न सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दमकल विभाग की की कुल 25 इकाइयां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। चट्टोग्राम सिविल सर्जन ने निजी अस्पतालों के डॉक्टरों से मदद मांगी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डिपो में 50,000 कंटेनर थे। अग्निशमन सेवा एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय के कार्यवाहक अधिकारी (मीडिया सेल) मोहम्मद शाहजहां शिकदार ने कहा कि शनिवार रात 11:25 बजे चटगांव के सीताकुंड में बीएम कंटेनर डिपो में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस और दमकल विभाग के मुताबिक आग रात करीब 10:45 बजे एक कंटेनर से दूसरे कंटेनर में फैल गई। बाद में एक कंटेनर में रसायन होने की वजह से विस्फोट हो गया।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

# फिलीपींस के सक्रिय ज्वालामुखी में राख का बादल दिखने के बाद चेतावनी जारी

**मनीला।** मध्य फिलीपींस में सक्रिय एक ज्वालामुखी का रविवार को आकाश में कम से कम 1 किमी (0.6 मील) राख का गुबार दिखने के बाद अधिकारियों को सतर्क किया गया है। इन अधिकारियों ने माउंट बुलसन पर चेतावनी का एक और कदम बढ़ाने के साथ निवासियों को याद दिलाया कि यह क्षेत्र खतरे की जद में प्रवेश कर गया है। इसलिए सभी निवासियों को सावधानी बरतने की जरूरत है। बुलुसन की राख के विशाल बादल ने आसमान को भूरे रंग का कर दिया है। जैसा कि बुलुसन के उत्तरी ढलानों पर कासिगुरान शहर के निवासी द्वारा फेसबुक पर साझा किए गए एक वीडियो में देखा गया है। संस्थान ने कहा कि फिलीपींस के 24 सक्रिय ज्वालामुखियों में से बुलुसन, आखिरी बार जून 2017 में फटा था।फिलीपींस प्रशांत क्षेत्र "रिंग ऑफ फायर" में है, जहां ज्वालामुखी गतिविधि और भूकंप आम हैं। फिलीपींस इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सिस्मोलॉजी ने बुलुसन पर पांच-स्तरीय पैमाने पर 0 से स्तर 1 या निम्न स्तर की ज्वालामुखी अशांति के लिए अपनी चेतावनी बढ़ा दी है।

इसका अर्थ है कि यह वर्तमान में 'असामान्य स्थिति' में है। संस्थान ने एक बयान में कहा कि विस्फोट से पहले 24 घंटे में 77 ज्वालामुखी भूकंप दर्ज किए गए। संस्थान के प्रमुख रेनाटो सॉलिडम ने बुलुसन के विस्फोट को 'फ्रेटिक' या भाप से चलने वाले के रूप में वर्णित किया, जो बुलुसन ज्वालामुखी की विशिष्टता है। सॉलिडम ने बताया कि एहतियात के तौर पर 4 किमी के दायरे में स्थायी खतरे वाले क्षेत्र में कोई प्रवेश नहीं है और निश्चित रूप से अगर क्षेत्र में राख हो जाती है, जैसे मास्क पहनना या घर के अंदर रहना होगा, तो किसी को भी राख से बचाना होगा।

# यूक्रेन की राजधानी कीव में हुए कई धमाके, जंग जारी

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव रविवार तड़के हुए कई विस्फोटों से हिल गया। कीव के मेयर ने अपने अधिकारियों के हवाले से कहा कि उनके सैनिकों ने एक जवाबी हमले में सिविएरोडोनेट्सक के पूर्वी युद्धक्षेत्र शहर के एक भाग को एक दिन पहले रूस से छीनकर फिर से कब्जा कर लिया था। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि राजधानी के डार्नित्स्की और निप्रोवस्की जिलों में कई विस्फोट हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोटों के बाद शहर में धुआं देखा गया। कीव के मेयर क्लिट्स्को ने कहा कि कम से कम एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन रविवार सुबह तक किसी की मौत की सूचना नहीं है। दूसरे अधिकारियों ने कहा कि रूसी बमबारी रेलवे नेटवर्क को टारगेट किया गया है, ऐसा लगता है। यूक्रेन पर लगातार रूसी हमलों और व्यापक विनाश के बावजूद, हाल के हफ्तों में कीव अपेक्षाकृत शांत रहा है जब मास्को ने पूर्व और दक्षिण में अपना सैन्य ध्यान केंद्रित किया, विशेष रूप से सिविएरोडोनेट्सक में भारी लड़ाई जारी रही। रूस ने युद्ध की सबसे बड़ी जमीनी लड़ाइयों में से एक के लिए कारखाने के शहर पर अपनी सेना को केंद्रित किया है।

## चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच ताइवान के साथ व्यापार बढ़ाना चाहता है यूरोपीय संघ

**बीजिंग।** चीन को साथ तनावपूर्ण संबंधों के चलते यूरोपीय संघ ने ताइवान के साथ सेमीकंडक्टर व्यापार बढ़ाने के संकेत दिए हैं । यूरोप विशेष रूप से नीदरलैंड ताइवान उच्च तकनीक, ऊर्जा, समुद्री और जीवन विज्ञान और स्वास्थ्य क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने व्यापार और निवेश का विस्तार करना चाहता है। चीन विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए नीदरलैंड की ओर आकर्षित है। इस तथ्य के बावजूद कि एम्स्टर्डम बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का औपचारिक हिस्सेदार नहीं है।

स्टैटिस्टिक्स नीदरलैंड्स के अनुसार, 2012 से 2017 तक नीदरलैंड स्थित चीनी कंपनियों की संख्या 245 से लगभग दोगुनी होकर 470 हो गई । मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीनी कंपनियों ने नीदरलैंड में लगभग 570 परिचालन स्थापित किए हैं और नीदरलैंड यूरोपीय संघ में चीनी उद्यमों के लिए तीसरा सबसे बड़ा निवेश गंतव्य है। चीनी कंपनियों ने नीदरलैंड में आईसीटी, कृषि-



खाद्य, रसायन और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में निवेश किया है। नीदरलैंड में रहने वाले चीनी नागरिकों की संख्या 2000 में मुश्किल से 7,500 से बढ़कर 2019 में 36,500 हो गई। नीदरलैंड में कार्यरत प्रत्येक 10 चीनी फर्मों में से 4 थोक व्यापार में मुख्य रूप से गैर-खाद्य, आईसीटी उपकरण और औद्योगिक मशीनरी में शामिल हैं। इनमें से 10 प्रतिशत से अधिक निर्माण में लगी कंपनियां चीनी हैं। ऊर्जा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में चीनी संस्थाओं की मौजूदगी को नीदरलैंड में आशंका की नजर से देखा जाता है। चीन के स्वामित्व वाले कुवैत पेट्रोल नीदरलैंड के अलावा, चीन की सबसे बड़ी निजी तौर पर सूचीबद्ध एकीकृत तेल और गैस कंपनी जेरेह ने 2016 में हेग में अपनी सहायक कंपनी स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है।

द हेग के डिप्टी मेयर कार्स्टन क्लेन और जेरेह ग्रुप के सीईओ वेफी सन के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

हाल ही में, चीनी कंपनियों के खिलाफ नीदरलैंड के उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उनकी पैठ और पेटेंट और कॉपीराइट की चोरी के संदेह में सतर्कता बढ़ रही है। डच खुफिया एजेंसी (एवीआईडी) की एक वार्षिक रिपोर्ट (2018) में कहा गया , 'आर्थिक जासूसी के क्षेत्र में नीदरलैंड के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा चीन से है।' रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि 'जासूसी चीनी आर्थिक नीति योजनाओं, जैसे 'मेड इन चाइना 2025' और 'न्यू सिल्क रोड्स' से प्रेरित है, जिसके साथ देश अपने आर्थिक और भू-राजनीतिक प्रभाव को बढ़ा सकता है'।